दुमका संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 04, अंक 202

गुरुवार

24.07.2025

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 2 रुपये

**सुविचार**

सब्र सभी इन्सान में नहीं होता पर जिसमे होता है, उसे एक ना एक दिन सब्र का मीठा फल अवश्य मिलता है!

## क्विक न्यूज

### रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल रंगे हाथ गिरफ्तार

**बरेली :** एंटी करप्शन ब्यूरो की एक टीम ने बुधवार को गजनेरा गांव में तैनात एक चकबंदी लेखपाल को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित लेखपाल एक ग्रामीण से चक की नाप और संदर्भ तैयार करने के एवज में घूस ले रहा था।गजनेरा निवासी बाबू राम ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत के अनुसार जिले की फरीदपुर तहसील के गजनेरा गांव में तैनात लेखपाल हरीश कुमार चक संख्या 773 की नाप और चक संख्या 411 का संदर्भ तैयार करने के बदले आठ हजार रुपये की मांग रहा था। बाबूराम की शिकायत पर एनसीबी ने पूरे मामले की पड़ताल की और बुधवार को ट्रैप प्लान तैयार किया। लेखपाल हरीश ने सहायक चकबंदी कार्यालय में बाबूराम से दोपहर रिश्वत की रकम ली, उसी समय एनबीसी टीम ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपित के खिलाफ थाना सुभाषनगर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

### शत-प्रतिशत दिव्यांगजनों को कौशलयुक्त बनाने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि विकसित भारत ञ2047 के लक्ष्य तभी साकार हो सकते हैं, जब समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने आज बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में समाज कल्याण विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में कहा कि समय की माँग है कि शतप्रतिशत दिव्यांगजनों को कौशलयुक्त बनाया जाए, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस दिशा में कार्ययोजना बनाकर त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री साय ने वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लंबित पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सेवा-भावना के साथ प्राथमिकता में रखा जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर उनका अधिकार प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और निराश्रितों के कल्याण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### व्यापारियों के हितों के लिए काम कर रही सरकारः रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार व्यापारियों के हितों और उनके व्यापार को सुगम बनाने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने और उन्हें भयमुक्त व्यापार करने की दिशा में ही सरकार ने 'दिल्ली ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड' का गठन किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में राजधानी के व्यापारिक संगठन भारतीय उद्योग मंडल के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि उनकी सरकार दिल्ली के कारोबारी चरित्र को यथावत रखते हुए उनको उचित सुविधाएं देने के लिए भी कई योजनाओं पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के बाजारों को दूसरे स्थानों पर ले जाने की कोई योजना नहीं है। हम चाहते हैं कि दिल्ली का कारोबार खूब फले-फूले उससे दिल्ली का रेवेन्यू बढ़ेगा जो दिल्ली के विकास में काम आएगा।

## चुटकी




## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 22° |

संसद का मानसून सत्र : विपक्ष के हंगामे के बाद ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार हुई सरकार

# पहलगाम आतंकी हमले पर 28-29 को सदन में होगी चर्चा


**अगले हफ्ते 28 जुलाई को लोकसभा में और 29 जुलाई को राज्यसभा में इस मुद्दे पर बहस होगी. विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारतीय सेना की कार्रवाई पर संसद को संबोधित करने की भी मांग की थी.जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी अगले हफ्ते पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर बोलेंगे. पीएम मोदी 29 जुलाई को इस विषय पर राज्यसभा को संबोधित करेंगे.**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के मानसून सत्र का तीसरा दिन भी विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया. विपक्षी दल ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकी हमले और बिहार में जारी एसआईआर जैसे मुद्दों पर सदन में चर्चा करने की मांग कर रहे थे.हालांकि सरकार अब पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार हो गई है. अगले हफ्ते 28 जुलाई को लोकसभा में और 29 जुलाई को राज्यसभा में इस मुद्दे पर बहस होगी. विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारतीय सेना की कार्रवाई पर संसद को संबोधित करने की भी मांग की थी.जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी अगले हफ्ते पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर बोलेंगे. पीएम मोदी 29 जुलाई को इस विषय पर राज्यसभा को संबोधित करेंगे. 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी. इसके बाद से विपक्ष भारत की ओर से की गई कार्रवाई पर चर्चा की मांग कर रहा है. कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की थी.

### लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने किया जमकर हंगामा

**नई दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने नारेबाजी कर रहे सांसदों को आड़े हाथों लिया और कहा, आप सड़क का व्यवहार संसद में कर रहे हैं। ये देश देख रहा है।ओम बिरला ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, सदन में तख्तियां लेकर आने वालों पर मुझे निर्णायक कार्रवाई करनी पड़ेगी। माननीय हो आप माननीय जैसा व्यवहार करें। संसद की कार्यवाही बाधित होने से नाराज केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया ब्लॉक हल्लाड़ ब्लॉक बन गया है। संसद के बाहर वे कहते हैं कि चर्चा होनी चाहिए, लेकिन वे सदन में बहस से भाग रहे हैं। कल मैंने हाथ जोड़कर विपक्ष से चर्चा होने देने की अपील की थी, लेकिन वे हंगामा करते रहे। सदन में किसानों के कल्याण और संबंधित योजनाओं के बारे में कई प्रश्न सूचीबद्ध थे। मैं किसानों और जनता से इंडिया ब्लॉक के इस दोहरे मापदंड को देखने की अपील करता हूं। पीठासीन सभापति घनश्याम तिवारी ने सदस्यों ने शांति बनाए रखने की अपील की और सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने की बात कही। हालांकि, सदस्यों का हंगामा जारी रहा और सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई।



### देश के इतिहास से अलग है आरएसएस का इतिहास : खड़गे

संसद के मानसून सत्र में तीसरे दिन की कार्यवाही से पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संघ प्रमुख भागवत जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया को खारिज करते हैं। विश्वविद्यालयों में इतिहास के प्रोफेसरों की कही बातों को भी खारिज करते हैं। आरएसएस का इतिहास देश के इतिहास से अलग है। खरगे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

### हंगामे के लिए विपक्ष जिम्मेदार : सरकार

भाजपा सांसद जगन्नाथ सरकार ने कहा, विपक्षी गठबंधन-इंडिया ब्लॉक के सभी सांसद हंगामा कर रहे हैं। जनता का सारा पैसा बर्बाद हो रहा है। कोई सार्थक चर्चा नहीं हो रही है। हंगामे के लिए विपक्ष जिम्मेदार है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर भाजपा सांसद ने कहा, कोई किसी को बताकर बीमार नहीं होता, मैं भी अभी अस्वस्थ हो सकता हूं। धनखड़ अस्वस्थ हैं। इस मुद्दे पर ज्यादा चर्चा नहीं होनी चाहिए।

## उपायुक्त के निर्देश पर सील हुआ अवैध क्रसर





**निरीक्षण के क्रम में पाया कि क्रशर खनन विभाग के नियम विरूद्ध संचालित किए जा रहे है,जिसकी सूचना डीएमओ को दी।डीएमओ आनंद कुमार ने त्वरित कार्र्रवाई करते हुए क्रशर को सील करने का निर्देश दिया जिसके आलोक में खान निरीक्षक द्वारा क्रशर को सील कर दिया गया। डीएमओ आनंद कुमार ने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण या परिवहन नहीं होने दिया जाएगा।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** जिले में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन पर पूर्णतः रोक लगाने को लेकर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश के आलोक में डीएमओ आनंद कुमार ने शिकारीपाड़ा के पिनरगरिया में नियम विरूद्ध संचालित हो रहे क्रशर पर बुधवार को कार्रवाई की एवं सील कर दिया। वही डीएमओ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन नहीं होने दिया जाएगा एवं अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण में सलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगी। अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन पर रोक को लेकर डीएमओ आनंद कुमार के निर्देश पर खान निरीक्षक गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को शिकारीपाड़ा के पिनरगरिया में शाहिद बाला बाबा स्टोन यूनिट संचालित हो रहे क्रशर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि क्रशर खनन विभाग के नियम विरूद्ध संचालित किए जा रहे है,जिसकी सूचना डीएमओ को दी।डीएमओ आनंद कुमार ने त्वरित कार्र्रवाई करते हुए क्रशर को सील करने का निर्देश दिया जिसके आलोक में खान निरीक्षक द्वारा क्रशर को सील कर दिया गया। डीएमओ आनंद कुमार ने कहा कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,भंडारण या परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियम विरूद्ध कार्य करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर रवाना हुए पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा के लिए आज रवाना हो गए। इस यात्रा का मुख्य लक्ष्य दोनों देशों के साथ व्यापार और रक्षा सहयोग को मजबूत करना है। पीएम मोदी 23-24 जुलाई को ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान ब्रिटेन में ब्रिटिश प्रधानमंत्री केयर स्टार्मर के साथ विस्तृत बातचीत करेंगे और महाराजा चार्ल्स तृतीय से भी मिलेंगे। स्टार्मर लंदन से 50 किमी दूर अपने आधिकारिक निवास चेकर्स में मोदी की मेजबानी करेंगे। इस दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि इस समझौते पर आखिरी वक्त तक काम चल रहा है। संभवतः वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स इस पर हस्ताक्षर करेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ रहा है। साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय ने गुरुग्राम में अपना परिसर खोला है, जो भारत की नई शिक्षा नीति के तहत पहला विदेशी विश्वविद्यालय है। इसके अलावा, दोनों देश टेक्नोलॉजी सुरक्षा पहल के तहत दूरसंचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे। पीएम मोदी की मालदीव यात्रा 25-26 जुलाई को होगी। वह ब्रिटेन के बाद मालदीव जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ बातचीत करेंगे और भारत द्वारा समर्थित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। 26 जुलाई को वे मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

## झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद की तरलोक सिंह चौहान ने ली शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जस्टिस तरलोक सिंह चौहान झारखंड हाइकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश पद की सपथ ली. बुधवार को राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नये मुख्य न्यायाधीश को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. शपथ ग्रहण समारोह में जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के परिजनों के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े नामचीन हस्ती के अलावे न्यायपालिका से जुड़े बड़ी संख्या में न्यायविद मौजूद रहे. शपथग्रहण के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर नये मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी. शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी नये मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी.शपथ ग्रहण समारोह में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावे विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, राज्य सरकार के कई मंत्री और झारखंड हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश मौजूद रहे.जस्टिस तरलोक सिंह चौहान झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं. राजभवन स्थित बिरसा मंडप में आयोजित शपथग्रहण स्थल को इस मौके पर विशेष रूप से सजाया गया. कार्यक्रम के बाद वे सीधे हाईकोर्ट के लिए रवाना हुए और मुख्य न्यायाधीश के रुप में कार्यभार संभाला.जस्टिस तरलोक सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में वरिष्ठतम न्यायाधीश थे.

## जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट जल्द ही सुनवाई करेगा. जस्टिस वर्मा ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहते अपने घर से जला हुआ कैश मिलने के मामले में जांच कमेटी की रिपोर्ट को अमान्य करार देने की मांग की है. बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिका पर सुनवाई की मांग सुप्रीम कोर्ट में रखी. सिब्बल ने कहा कि जस्टिस वर्मा ने अपने खिलाफ आई रिपोर्ट और उन्हें पद से हटाने की तत्कालीन चीफ जस्टिस की सिफारिश को चुनौती दी है. मामले में कुछ संवैधानिक सवाल हैं. उन पर सुनवाई होनी चाहिए. वरिष्ठ वकील की बात को सुनने के बाद चीफ जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने याचिका पर सुनवाई का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा, मुझे इसके लिए विशेष बेंच बनानी पड़ेगी. मैं खुद इस मामले को नहीं सुन सकता. इस मामले में कदम उठाने से पहले तत्कालीन चीफ जस्टिस ने मुझसे भी सलाह ली थी.सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में जस्टिस वर्मा ने कहा है कि कमेटी ने उन्हें अपना पक्ष रखने का उचित मौका नहीं दिया. पूर्व निर्धारित सोच के आधार पर काम किया और अपना निष्कर्ष दे दिया. इस बात की जांच की जरूरत थी कि वह कैश किसका है? लेकिन कमेटी ने सही जांच करने की बजाय उनसे कहा कि यह साबित करें कि कैश उनका नहीं है.

## चुनाव आयोग ने शुरू की उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया




एजेंसी


**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने देश का नया उपराष्ट्रपति चुनने के लिए इलेक्शन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग की ओर से इस संबंध में प्रेस नोट जारी किया गया है।

आयोग का कहना है कि गृह मंत्रालय से जानकारी मिली है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया है। अब इस पद पर चुनाव के लिए हमारी ओर से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्दी ही चुनाव की तारीख भी घोषित कर दी जाएगी। होम मिनिस्ट्री की ओर से 22 जुलाई यानी सोमवार को ही उपराष्ट्रपति पद रिक्त होने का नोटिफिकेशन जारी किया गया था। चुनाव आयोग ने लिखा,आर्टिकल 324 के तहत उपराष्ट्रपति के निर्वाचन का कार्य चुनाव आयोग करता है। इसका निर्देशन राष्ट्रपति की ओर से किया जाता है। चुनाव आयोग ने अब उपराष्ट्रपति के इलेक्शन की तैयारी शुरू कर दी है। अभी इसकी तैयारी चल रही है और उसे पूरा करने के बाद जल्दी ही इलेक्शन की डेट का ऐलान किया जाएगा। आयोग ने कहा कि इलेक्शन की तारीख का ऐलान करने से पहले हम कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं। इनमें से एक है- इलेक्टोरल कॉलेज तैयार करना। इसके तहत लोकसभा और राज्यसभा सांसदों को मिलाकर एक वोटर लिस्ट तैयार की जाएगी। उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के नामित सदस्यों को भी वोटिंग का अधिकार होता है।

# हाथियों के हमले में 3 की मौत

एजेंसी

**रायगढ़ :** धर्मजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत लैलूंगा परिक्षेत्र में बीती रात हाथियों ने काफी तांडव किया। मिली जानकारी अनुसार एक मादा हाथी और उसके शावक के उत्पात ने ऐसा भयावह दृश्य रचा कि पूरा क्षेत्र चीख-पुकार और मातम में डूब गया। हाथियों ने एक मासूम, एक महिला व एक पुरुष को दर्दनाक मौत दी। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली दर्दनाक घटना लैलूंगा के गोसाईडीह गांव की है, जहां एक पाँच वर्षीय मासूम बच्ची को हाथी ने दौड़ाकर पटक दिया। नन्हीं जान ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।दूसरी घटना मोहनपुर की है, जहाँ देर शाम खेत में काम कर रही एक महिला को हाथी ने दौड़ाया और बेरहमी से रौंद डाला। वहीं धर्मजयगढ़ घटना और भी भयावह है, जहां एक ग्रामीण जब अपने घर में चैन की नींद सो रहा था, तब हाथियों ने घर की दीवार गिरा दी। और वहीं मलबे में दबकर उसकी मृत्यु हो गई।



**संक्षिप्त खबरें**

## पद्मभूषण कड़िया मुंडा से बाबूलाल ने किया मुलाकात

**रांची।** झारखंड के नेता प्रतिपक्ष भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची के मेडिका मणिपाल अस्पताल पहुंचकर पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष और वरिष्ठ नेता पद्मभूषण कड़ियां मुंडा से मुलाकात की। उन्होंने कड़ियां मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।बता दें कि खूंटी से आठ बार सांसद रहे कड़ियां मुंडा की तबीयत सोमवार शाम अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें भर्ती कर लिया गया। उनका इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजय मिश्रा की देखरेख में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है और निगरानी में रखा गया है।

## अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** बुंडू थाना क्षेत्र के कांची नदी के किनारे से पुलिस ने बुधवार को सड़ी-गली अवस्था में एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कारवाई शुरू कर दी है। शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह काफी दिनों से नदी में बह रहा था, जिसके कारण वह पूरी तरह से सड़-गल चुका है। बरामद शव का सिर भी गलकर कंकाल में तब्दील हो गया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि शव किसी ऐसे व्यक्ति का हो सकता है, जो काफी समय पहले लापता हुआ हो। बुंडू थाना पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके थाना क्षेत्र से कोई व्यक्ति लापता हो, तो वे बुंडू थाना से संपर्क करे, ताकि शव की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# प्लास्टिक के बोरे में रुई से छिपाकर रखा था 70 लाख की शराब, दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि मुझे सूचना मिली कि एक 14 चक्का वाला ट्रक आ रहा है उसमें रुई भरा हुआ है और उस रुई वाले ट्रक की जांच कीजिए रुई के नीचे काफी संख्या में शराब की बोतलें है जो ब्रांडेड है और करीब इसकी कीमत 70 लाख रुपए के आसपास की है और यह ट्रैक यूपी से पलामू ,गुमला, बेड़ो होते हुए बिहार जाने वाली थी,इसी सूचना पर ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक बेड़ो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बेड़ो थाना अन्तर्गत ग्राम-असरो भारत पेट्रोल पम्प के पास एनएच-43 गुमला राँची मेन रोड पर बैरिकेटिंग लगाकर चेकिंग लगाया गया। ट्रक में विदेशी शराब भरा हुआ है, जिसे प्लास्टिक के बोरे में रुई से छिपाकर रखा हुआ है। इस संबंध में चालक एवं खलासी से



वैध कागजात का मांग किया तो कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया। चालक से नाम पता पुछने पर अपना नाम अर्जुन सिंह उर्फ अर्जुन चौधरी एवं साथ में सहयोगी साथी खलासी का नाम जगदीश कुमार बताये, आगे इनके द्वारा बताया गया कि मोबाईल नम्बर 9351128520 पर मो0 नं0 8302999260 से फोन आया कि कैम्पी रोड पानीपत ब्रिज के पास ट्रक रजि0 नं0- युपी 63 एटी-6332 जिसमें अवैध विदेशी शराब लदा हुआ है, ट्रक को झारखण्ड राँची पार करके हजारीबाग जाने वाले रोड में किसी ढाबे पर रोक कर खड़े करने के लिए बोला गया और वहीं से कोई दूसरा चालक ट्रक को वहाँ से पटना (बिहार) में सप्लाई करना था। इन्होंने कैम्पी रोड पानीपत ब्रिज के पास जाकर ट्रक रजि0 नं0-युपी 63 एटी -6332 रिसिव कर लिया गया। उक्त मोबाईल नं0 8302999260 के व्यक्ति के द्वारा फोन पर रास्ता और लोकेशन बताया जा रहा था, और पुलिस और सेल्स टैक्स ऑफिसर द्वारा रास्ते में चेकिंग से संबंधित जानकारी दे रहा था। उक्त ट्रक के चालक अर्जुन राम एवं साथी खलासी जगदीश कुमार के सामने ट्रक को खोला गया तो रूई से भरा प्लास्टिक बोरा हटाने पर उक्त ट्रक में विदेशी शराब एमसी डॉवेल्स (180एमएल)- 277 कार्टून एक्स 48 बोतल 13296 बोतल। सभी शराब के बोतल पर फॉर सेल इन चंडीगढ़ ओनली लिखा हुआ पाया गया। अर्जुन सिंह उर्फ अर्जुन चौधरी उम्र करीब 44 वर्ष पिता नवला राम ग्राम सनावड़ा थाना सदर जिला बाडमेर (राजस्थान)।जगदीश कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता कालू राम ग्राम कापराऊ थाना चौहटन जिला बाडमेर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया।

**छापामारी दल में शामिल पुलिसकर्मी:** अशोक राम, पुलिस उपाधीक्षक, बेड़ो। उत्तम कुमार उपाध्याय, पुलिस निरीक्षक, बेड़ो, देव प्रताप प्रधान, थाना प्रभारी, बेड़ो, नंदु पैरा, पुअनि, बेड़ों। अनिल टोप्पो, पुअनि, बेड़ो, बेड़ो थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# रांची से जमशेदपुर तक दौड़ेगी फ्लैश चार्जिंग बस, 135 यात्री कर सकेंगे सफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण के लिए उनके प्रति आभार जताया। इसके साथ ही रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें एक स्मरण पत्र भी सौंपा, जिसमें रांची में फ्लैश चार्जिंग बस, आउटर रिंग रोड और एलिवेटेड कॉरिडोर पर सोहराय पेंटिंग का आग्रह था। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इन तीनों ही मामलों में तुरंत कार्रवाई का निर्देश जारी कर दिया। रांची में फ्लैश चार्जिंग बस के संचालन के लिए डीपीआर बनाने का भी निर्देश दिया है। फ्लैश चार्जिंग बस रांची से जमशेदपुर के लिए चलेगी और रांची शहर में भी चलेगी। जिसमें एक साथ 135 लोग बैठकर यात्रा कर सकेंगे। इस बस में दिव्यांगजनों के लिए बैठने की सीट आरक्षित होगी। चाय कॉफी के लिए भी अलग से काउंटर होगा। बस की विशेषता होगी कि महज 15 सेकंड चार्ज होने के बाद यह बस 40



किलोमीटर तक चल सकेगी। नागपुर के बाद रांची इस देश का दूसरा शहर होगा, जहां इसकी सौगात दी जा रही है। नागपुर में बस के लिए टाटा कंपनी को ऑर्डर भी दिया जा चुका है। एलिवेटेड कॉरिडोर में सोहराय पेंटिंग का आग्रह रक्षा राज्य मंत्री जी ने नितिन गडकरी से किया। इस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने राजमार्ग प्राधिकरण को दिया है। बहुत जल्द ही रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर झारखंड की संस्कृति के साथ जल, जंगल, जमीन की अलौकिक छटा और सोहराय पेंटिंग से सुसज्जित होगा। रांची में आउटर रिंग रोड को लेकरभी सेठ ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने आउटर रिंग रोड का भी डीपीआर बनाने का निर्देश ह्वाद्ध अधिकारियों को दिया है। 6500 करोड रुपए की लागत से इसका डीपीआर तैयार किया जाएगा। इन तीन सौगातो पर पहल के बाद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर चल रहा है और रांची के विकास को भी गति मिल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से नितिन गडकरी का झारखंड और रांची के प्रति अगाध प्रेम है। उन्होंने प्रधानमंत्री और राजमार्ग मंत्री के प्रति रांची की जनता की तरफ से कृतज्ञता प्रकट की है और कहा है कि इन तीनों परियोजनाओं से झारखंड की राजधानी रांची को एक नई पहचान मिलेगी।

## ब्लिंकिट में कार्यरत डिलीवरी कर्मी नीरज कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ब्लिंकिट में कार्यरत डिलीवरी कर्मी नीरज कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद सभी डिलीवरी ऐप कंपनी ब्लिंकिट के खिलाफ कर्मचारियों की भीड़ ने सड़क पर उतर कर जमकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने शहर में संचालित कंपनी के सभी गोदामों और कार्यालयों को ठप कर दिया। प्रदर्शन कर रहे करीब चार सौ से अधिक कर्मचारियों का कहना था कि सड़क हादसे में जान गंवाने वाले नीरज की मौत के बाद कंपनी ने कोई सहायता या संवेदना प्रकट करना तक उचित नहीं समझा। कंपनी मुआवजा नहीं देती है, तो सभी डिलीवरी पार्टनर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। प्रदर्शनकारियों ने बरियातू थाना जाकर केस दर्ज कराने की भी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने मामला लेने से इनकार कर दिया। इससे कर्मचारियों में और आक्रोश फैल गया। कर्मचारियों का कहना है कि नीरज के साथ जो हुआ, वह कल किसी और के साथ भी हो सकता है। हम इंसाफ चाहते हैं, मुआवजा उसका हक है। इस संबंध में खबर लिखे जाने तक ब्लिंकिट की ओर से कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। बरियातु थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मौत हुई है युडी केस किया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद बाकी कार्रवाई होगी, जहाँ तक काम करने का तो रजिस्टर देखने पर ही पता चलेगा कि काम करता था या नहीं।

# सांप काट ले तो तुरंत करें इलाज, इन गलतियों से बचें : डॉ विकास कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बरसात के समय सांप के डसने की खबरें बहुत आती है,इससे कैसे बचे इस पर रिम्स के न्यूरो विभाग के डॉ विकास ने अपने एक्स हैंडल से ट्वीट कर ये जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है कि सांप को कैसे पहचाने कि सांप जहरीला है या नहीं , इसे सेव कर ले और रीट्वीट करें, ताकि बारिश के मौसम में सांप काटने से जाने वाली हज़ारो जान बचाई जा सके। सांप काटने पर सबसे महत्वपूर्ण है कि उसके लक्षणों की पहचान और तुरंत उपचार । सांप काट ले तो क्या करेंऔर क्या ना करें।

**सांप के काटने पर क्या करें :** तुरंत एंबुलेंस को कॉल करें (राष्ट्रीय सर्पदंश हेल्पलाइन नंबर 15400),पीड़ित को सांप से दूर और सुरक्षित जगह पर ले जाएं, अगर ज़ख्म दिल से नीचे है, तो पीड़ित को लिटा दें।, व्यक्ति को शांत रखें और ज़्यादा हिलने न दें ङ्क ज़हर शरीर में कम फैलेगा। 5.जख्म को ढीली और साफ पट्टी से लपेट दें, प्रभावित अंग से चूड़ी, घड़ी, टाइट कपड़े हटा दें, यदि सांप ने पैर पर काटा है तो जूतों को निकाल दें, सांप के काटने के समय को नोट कर ले ।

**सांप काटने पर क्या न करें :** बिना डॉ परामर्श के मरीज को कोई दवा न दें, यदि सांप के काटने का जख्म व्यक्ति के दिल से ऊपर की ओर है घाव को न काटें,जहर को बाहर चूसने (फिल्मी हीरो न बने )का प्रयास न करें, जख्म पर ठंडे बर्फ ना लगाए , व्यक्ति को शराब या कैफीन पेय न दें,पीड़ित को चलने न दें, उन्हें गाड़ी से ले कर जाएं।सांप को पकड़ने का प्रयास न करें, सांप की फोटो लें (अगर सुरक्षित हो) इलाज में मदद मिलेगी,किसी भी पंप सक्शन मशीन का उपयोग न करें,

**सांप के काटने के लक्षण क्या हैं?:** उल्टी ,अकड़न या कंपकंपी ,पलकों का गिरना ,घाव के चारों ओर सूजन, जलन और रेड होना ,त्वचा के रंग में चेंज ,दस्त बुखार पेट दर्द ,सिरदर्द ,उल्टी , पैरालिसिस मारना ,पल्स तेज होना ,थकान मसल्स की कमजोरी ,प्यास लगना, लो ब्लड प्रेशर आदि। कैसे पहचाने कि सांप जहरीला है या नहीं ? सांपों की 250 प्रकार भारत में मिलते है , जिनमें से 4 सबसे अधिक घातक हैं कॉमन कोबरा /नाग ,सॉ-स्केल्ड वाइपर ,कॉमन क्रेट और रसेल वाइपर।

## लालू के गोद में राजनीति करने वाले नीतीश अब जेपी, कर्पूरी के शिष्य नहीं रहे : कैलाश


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग संवैधानिक तौर पर निष्पक्ष संस्था होती है लेकिन इन दिनों आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण यानी स्ढ्ढक्र के माध्यम से बिहार के दलित मजदूर किसान एवं कमजोर परिवार के लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर कर रहा है और स्ढ्ढक्र के डॉक्यूमेंट्री आधार पर बड़ी संख्या में रोजी रोजगार के लिए पलायन हुए लोगों को भी वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया जाएगा ! इसका मतलब करोड़ो गरीब मजदूर क्लास के लोग वोट नहीं दे पाएंगे ! विदित है चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण में नागरिकों को आधार कार्ड वोटर कार्ड राशन कार्ड को मान्यता नहीं देने का घोषणा किया है ! जो 11 डॉक्यूमेंट्स मांगा गया है वह रोज कमाने खाने वाले व ग्रामीण गरीब मजदूर किसान कहां से दे पाएगा इसलिए चुनाव आयोग का स्ढ्ढक्र प्रक्रिया अनुचित है ! देश का संवैधानिक संस्थान चुनाव आयोग आखिरकार इतनी हठधर्मिता क्यों दिखा रहा है निश्चित रूप से कहीं न कहीं केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग काम कर रहा है ! यादव ने कहा कि ज्ञात होना चाहिए दलित मजदूर किसान एवं दबे कुचले वर्ग के अधिकांश लोग राजद के समर्थक और वोटर्स हैं बीजेपी चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर दलित गरीब तबके लोगो को वोट देने से रोकना चाहती हैं ।

## पुनीत अग्रवाल की जमानत पर अब 26 को होगी सुनवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपित राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी।आज हुई सुनवाई के दौरान सीआईडी की ओर से डायरी पेश नहीं की जा सकी। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई का नई तारीख निर्धारित की है। इसी मामले के दो अन्य आरोपितों वीर अग्रवाल



और विमल अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर भी 26 जुनाई, शनिवार को सुनवाई होगी, क्योंकि इस मामले में भी एजेंसी ने अब तक केस डायरी पेश नहीं की है। पुनीत अग्रवाल को सीआईडी ने गत सोमवार को गिरफ्तार किया था। पुनीत, वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल पर आरोप है कि इन्होंने राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से तेतुलिया मौजा के उस वनभूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ 40 लाख रूपये भुगतान किया था। आरोपों के मुताबिक बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया। इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों की मिली भगत है। यह वो जमीन है, जिसे बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा वन विभाग को वापस लौटाया गया। सीआईडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू कर चुकी है। इस मामले में ईडी भी जांच कर रही है।

## झारखंड के 24 में से 21 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश की गई रिकॉर्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के 24 में से 21 जिलों में अब तक सामान्य से अधिक बारिश रिकार्ड की गई है । इनमें जिन तीन जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है उनमें गोड्डा, पाकुड़ और देवघर शामिल है। गोड्डा में 12, पाकुड़ 16 और देवघर में 13 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। वहीं राज्य के शेष जिलों में इस बार अच्छी बारिश हुई है। मौसम विभाग का यह आंकड़ा एक जून से 23 जुलाई तक का है। उल्लेखनीय है कि इस दौरान राज्य भर में 414.9 के मुकाबले



644.5 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है जो सामान्य बारिश से 55 प्रतिशत अधिक है। राज्य में इस बार सबसे अधिक बारिश पूर्वी सिंहभूम जिले में सामान्य से 134 मिलीमीटर अधिक बारिश दर्ज हुई है। इसके बाद सरायकेला खरसावां में 113 मिमी और राजधानी रांची में रांची में सामान्य से 102 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में 38.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। वहीं बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह में मौसम साफ रहा लेकिन फिर बादल छा गए। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री, जमशेदपुर में 34, डालटेनगंज में 31.8, बोकारो में 32.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही करें लाभार्थी फाइलेरिया की दवा का सेवन : सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत सरकार के निर्देश पर अब देश में फाइलेरिया से प्रभावित सभी राज्यों में प्रत्येक वर्ष दो चरणों में 10 फरवरी और 10 अगस्त को मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) यानि सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम के अब दूसरे चरण में आगामी 10 अगस्त से नौ जिलों (चतरा, गोड्डा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला, हजारीबाग, जामताड़ा, पलामू, लातेहार, दुमका) में तीन दवाओं डीईसी, अल्वेंडाजोल और आइवरमेक्टिन के साथ आईडीए राउंड चलाया जायेगा। झारखंड



सरकार, लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी प्रतिबद्धता के तहत राज्य के अपर स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्टेट टास्क ?ोर्स की बैठक बुधवार को हुई। इस अवसर पर चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बीरेन्द्र कुमार सिंह साथ ही अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों को चेंजिंग रूम व खेल सामग्री भंडारण कक्ष से वंचित करने का प्रयास अमानवीय : दीपक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में सक्रिय कई खेल संघों के प्रतिनिधियों ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ के बैनर तले आज रांची नगर निगम के नगर आयुक्त सुशांत गौरव से शिष्टाचार मुलाकात की और खेल परिसर के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित कमरों से उपयोग से खिलाड़ियों को बेदखल किए जाने के प्रयास पर विरोध दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त के समक्ष राँची नगर निगम के सीटी मैनेजर (मिशन) चंदन कुमार द्वारा लगातार कमरों को खाली कराने की धमकियों और अमानवीय व्यवहार की लिखित शिकायत प्रस्तुत की। इन कमरों का उपयोग लंबे समय से महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के चेंजिंग रूम और खेल सामग्री भंडारण के रूप में किया जाता रहा है, जहाँ फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, वुडबॉल, थ्रोबॉल, नेटबॉल, किक बॉक्सिंग, जिम्नास्टिक, चॉकबॉल, कोर्फबॉल, जरासंध अखाड़ा समेत दर्जनों खेल संघ नियमित रूप से अभ्यास और प्रतियोगिताएं संचालित करते हैं। प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि सीटी मैनेजर श्री चंदन कुमार द्वारा खिलाड़ियों के प्रति असंवेदनशील और अपमानजनक टिप्पणी की गई, जहाँ उन्होंने महिला खिलाड़ियों को खुले में कपड़े बदलने तक की सलाह दे दी। यह व्यवहार न केवल नारी गरिमा का अपमान है, बल्कि खेल



भावना और मानवीय संवेदनाओं के भी विपरीत है। प्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त को यह भी अवगत कराया कि जब इस खेल परिसर के जीर्णोद्धार के लिए डीपीआर बना था, तब उक्त भवन को तोड़ने की योजना थी। लेकिन खिलाड़ियों, खेल संघों और तत्कालीन वार्ड पार्षद के संगठित आंदोलन के फलस्वरूप राँची नगर निगम, संवेदक और खेल प्रतिनिधियों के बीच यह सहमति बनी थी कि उक्त भवन यथावत रखा जाएगा। मुलाकात के दौरान खेल संघों ने नगर आयुक्त से आग्रह किया कि उक्त कमरों को स्थायी रूप से खिलाड़ियों और खेल संघों के उपयोग के लिए आरक्षित किया जाए। साथ ही राँची नगर निगम के अधिकारी द्वारा खिलाड़ियों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए।नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विषय को संज्ञान में लेने और खिलाड़ियों के हित में संतुलित समाधान निकालने का आश्वासन दिया।खेल संघों ने स्पष्ट किया कि यदि नगर निगम द्वारा खिलाड़ी विरोधी रवैये पर लगाम नहीं लगाई गई और उक्त कमरे से बेदखली का प्रयास जारी रहा, तो वे सैकड़ों खिलाड़ियों के साथ सड़क पर उतरकर चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यह संघर्ष केवल कमरों का नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के सम्मान, सुविधा और सुरक्षित अभ्यास माहौल का है, जिसे लेकर खेल संघ एकजुट होकर लड़ाई जारी रखेंगे। प्रतिनिधिमंडल में गोविंद झा (जिम्नास्टिक), सर्वर इमाम (वुडबॉल), अमरेंद्र द्विवेदी (सेपक टकरा), दीपक वर्मा (किक बॉक्सिंग), मिथलेश सिंह (ताइक्कांडो), गौतम सिंह, नगीना कुमार (थ्रोबॉल), अंश वर्मा (जरासंध अखाड़ा), सागर कुमार (कबड्डी), ब्रजेश गुप्ता (कोर्फबॉल), पिंटू कुमार (नेटबॉल), शुभम उरांव (चौक बॉल), रूरल फुटबॉल (धर्मेंद्र भुइयां) सहित कई लोग शामिल था।

## मंत्री ने दो मृत बच्चों और वज्रपात से जान गंवाने वाली महिला के परिजनों से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण किया । इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की इटकी प्रखंड के हरमू गांव पहुंची । हरमू गांव निवासी सूरज मुंडा के पुत्र अमित मुंडा और पुत्री प्रीति मुंडा की जान सही इलाज के अभाव में चली गई है . मंत्री ने गांव जा कर पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली और गांव का भ्रमण भी किया ।दोनों बच्चे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे , जिनका इलाज परिजनों ने स्थानीय स्तर पर किया था ।मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने घटना के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है । इसके साथ ही कहा है कि इसकी भरपाई संभावन नहीं है , लेकिन भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए गांव के लोगों जागरूक होना होगा । उन्होंने कहा कि जब भी कोई बीमार पड़े या किसी को चिकित्सा की आवश्यकता हो , तो सरकारी अस्पताल में इलाज ही बेहतर होगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीणों से झोला छाप डॉक्टरों से दूरी बनाने की नसीहत दी । दोनों बच्चों की मौत के मामले में जांच शुरू कर दी गई है , वहीं सरकार की मेडिकल टीम गांव में कैंप कर ग्रामीणों की जांच में जुट गई है । आखिर किस बीमारी से दोनों बच्चों



की जान गई है इसकी जांच स्वास्थ्य विभाग कर रही है । मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर प्रखंड के हरील पाहन टोली का भी दौरा किया । बीते दिनों इस गांव के अल्बर्ट एक्का और कुलदीप बाड़ा की मृत्यु ट्रेन की चपेट में आ जाने से हो गई थी । मंत्री ने दोनों मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उनका दुख बांटा . इसके बाद मंत्री मांडर के ही गोरखो गांव निवासी अंजली कच्छप के आवास पहुंची ।अंजली कच्छप की जान वज्रपात की वजह से चली गई थी । वज्रपात में गांव की एक महिला और एक बच्चा भी बुरी तरह से घायल है । जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है . पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से 4 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है ।मंत्री के इस दौरा में रमेश महली , राजन किस्पोट्टा , आकाश उरांव , फिलिप सहाय एक्का , भानु सिंह , मांगा उरांव , जमील मल्लिक , रशीद अंसारी , तबारक खान , होसे उरांव , बर्नादित बेक मौजूद थे ।

# राज्य के छह जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज के रूप में होंगे अपग्रेड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर विकास और आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से राज्य के छह जलों धनबाद, देवघर,



खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में स्थित जिला अस्पतालों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। मंत्री सुदिव्य कुमार ने इन परियोजनाओं के लिए शीघ्र स्वीकृति और वित्तीय सहायता देने का आग्रह किया। इससे झारखंड में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और राज्य के नागरिकों को सुलभ और उन्नत चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की और सकारात्मक सहयोग का आश्वासन भी दिया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# उपायुक्त ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

❍ जिले के किसान एक रुपये टोकन मनी जमा करके ले सकते बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने बताया कि झारखण्ड राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में खरीफ मौसम से राज्य में पुनः क्रियान्वयन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। कहा जिले के किसान एक रुपये टोकन मनी जमा करके बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए 31 जुलाई तक इच्छुक किसान अपना पंजीकरण नजदीकी प्रज्ञा केंद्र व स्वयं भी करा सकते हैं। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ मौसम वर्ष 2025 के लिए मक्का एवं धान को अधिसूचित किया गया है। किसानों को मक्का फसल की क्षतिपूर्ति राशि के रुप में प्रति हेक्टेयर 59,934.10 रुपये एवं धान के लिए 75,631.13 रुपये प्रति हेक्टेयर मिलेंगे। किसानों को फसल बीमा के लिए अलग से कोई प्रीमियम नहीं देना होगा। फसल बीमा के लिए किसान को आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, भूमि स्वामित्व संबंधित प्रपत्र, बुआई प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर देना होगा। योजना की अधिक जानकारी के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी या सहकारिता पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते है। सभी किसानों को इसकी संपूर्ण जानकारी प्रेषित करें। ताकि अधिक से अधिक किसान इस योजना का लाभ उठा सके। सभी पंचायत भवन, लैंप्स, विभिन्न भवनों में इस योजना से संबंधित पैंपलेट लगाए।बैठक के उपरांत उपायुक्त के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत क्षेत्रों में घूम घूम कर कृषक मित्रों एवं किसानों को फसल बीमा कराने हेतु जागरूक करने का कार्य करेगी। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस धुमधाम से मनाने को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मसलिया :** मसलिया प्रखंड के धोबना-हरिणबहाल पंचायत के लहरजोरिया गांव में विश्व आदिवासी दिवस धुमधाम के साथ मनाये जाने को लेकर बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता शिवनाथ बेसरा ने की। सामाजिक जागरूकता युवा संगठन सिंगराज हांसदा लाइब्रेरी की ओर से नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस भव्य रूप से मनाया जायेगा। विश्व आदिवासी दिवस के दिन जागरूकता रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता सहित अनेकों कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। विश्व आदिवासी दिवस को भव्य रूप से मनाने के लिए सभी आदिवासी गांव के ग्राम प्रधान, नायकी, गोड़ित, छात्र - छात्राओं, बुजुर्ग के अलावा महिलाओं को भी आमंत्रित किया जायेगा। बैठक में आदिवासी संगठन के अध्यक्ष शिवनाथ बेसरा, सचिव प्रभाकर हांसदा, जुनुस हेंब्रम, महेंद्र हेंब्रम, देवानंद बेसरा, प्रमोद हेंब्रम, राजेश मरांडी, ओम प्रकाश मरांडी, विवेक बेसरा, छोटेलाल मरांडी, दिनेश मरांडी, सुशील मरांडी, बिमल हांसदा, कृष्ण हेंब्रम, मोहन हेंब्रम, प्रेम कुमार बेसरा सहित अनेकों आदिवासी संगठन के सदस्य मौजूद थे।

# संगठन की मजबूती के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**मसलिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले बुधवार को पार्टी कार्यालय में एक विशेष बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो मसलिया प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव टुडू ने की। प्रखंड अध्यक्ष श्री टुडू ने कहा कि झामुमो पार्टी को आज के दिन में अधिक मजबूत करने के लिए गांव टोला से लेकर पंचायत तथा प्रखंड को भी मजबूत करना है। इसके लिए झामुमो कार्यकर्ताओं को प्रत्येक दिन आम लोगों से मिलकर हेमंत सोरेन के सरकार में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी के साथ साथ लोगों की समस्याओं का समाधान भी करना है। बैठक में प्रखंड सचिव असित वरण गोलदार, कोषाध्यक्ष जयदेव दत्त, केंद्रीय समिति सदस्य मो कादिर रजा, उप प्रमुख षष्ठी पद नंदी, जिला कमिटी सदस्य दिलीप हेंब्रम, बिरेन किस्कू, सुरेश बास्की, दिनेश दत्ता, प्रदीप प्रसाद भगत, सदानंद दे, राजेश बेसरा, प्रभु राय, राजेंद्र प्रसाद सिंह, एनुल अंसारी, मो मोतीन अंसारी सहित अनेकों झामुमो सक्रिय कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।



## नवनियुक्त सीएस डॉ कमलेश्वर प्रसाद से मिले झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड चिकित्सा एंव जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दुमका के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर नवनियुक्त सिविल सर्जन डॉ कमलेश्वर प्रसाद को स्वागत किया गया। मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष तपन कुमार ठाकुर, जिला सचिव कैलाश प्रसाद साह, जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, मीडिया प्रभारी सच्चिदानन्द सोरेन, प्रखंड सचिव जरमुंडी मनोज कुमार, प्रखंड सचिव जामा मनमोहन कुमार, मुन्नवर हुसैन, मरियम टुडू, नमिता रानी मंडल आदि उपस्थित थी।



# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

❍ यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने व ट्रैफिक नियमों के पालन हेतु उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोड टास्क फ़ोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। निदेश दिया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर शक्ति से कार्रवाई सुनिश्चित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी को लंबित हिट एंड रन मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी को सभी थाना में ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध कराने का दिया निर्देश। जिला में सभी सड़कों का नियमानुसार निरीक्षण कर सभी संबंधित एजेंसियों को सड़क दुरुस्त करने का दिया गया निर्देश। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निदेश दिया कि शहर को अतिक्रमण से मुक्त रखने हेतु नियमित अभियान चलाकर नियमानुसार कार्रवाई करें। कहा कि अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति को चिन्हित करने का भी कार्य करें। बैठक में उपस्थित थाना प्रभारियों को अभियान चलाकर नियमित रूप से दो पहिया एवं चार पहिया वाहन जांच करते हुए नियमानुसार जुर्माना करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान हेलमेट ना पहनने, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक की भी जांच करते हुए तथा नियमानुसार कारवाई करें एवं ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु प्रतिवेदन जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जानकारी दी गयी कि विगत तीन माह में 3024 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 151 वाहनों चालकों से 4214075 रुपए दंड वसूला गया है। बैठक में संबंधित पदाधिकारी एवं जिला सड़क जिला सड़क सुरक्षा कार्यालय के दीपक कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मनोज कुमार घोष, रमन कुमार वर्मा, मुस्ताक अली, नीलकंठ झा उपस्थित थे।

# विश्व मानव तस्करी माह के उपलक्ष्य पर मानव तस्करी के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** विश्व मानव तस्करी माह के उपलक्ष्य पर चाइल्ड हेल्पलाइन एवं ग्राम ज्योति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र ने बताया कि सामान्यतः पाया जाता है कि असामाजिक तत्वों द्वारा सरलता पूर्वक रेलवे स्टेशन से मानव तस्करी को अंजाम दिया जाता है। उक्त आलोक में टीम द्वारा रेलवे स्टेशन दुमका से रेलवे सुरक्षा बल के सहयोग से दुमका रेलवे स्टेशन से हंसडीहा रेलवे स्टेशन तक ट्रेन में सवार एवं परिसर में उपस्थित यात्रियों को मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूक किया गया। साथ ही यात्रियों से अपील की गई कि अगर 18 वर्ष से नीचे के बालकों के साथ ऐसी अप्रिय घटना घटित हो या इसकी अनुभूति होती हो तो अविलंब इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन के निःशुल्क नम्बर 1098 पर सूचित किया जाए या रेलवे स्टेशन के रेलवे सुरक्षा बल को इससे अवगत कराया जाए। जागरूकता अभियान में जिले को बाल संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत स्वयं सेवी संस्थाओं का सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जागरूकता अभियान को सफल बनाने में चाइल्ड हेल्पलाइन से परियोजना समन्वयक मो शमीम अंसारी, निक्कू कुमार साह, काजल कुमारी, शीला मुर्मू, सुजीत कुमार झा, ग्राम ज्योति की निदेशिका आभा, समन्वयक मुकेश कुमार दुबे, पवन कुमार यादव, सनातन मुर्मू, अनीता मुर्मू एवं दुमका रेलवे स्टेशन व हंसडीहा रेलवे स्टेशन के आरपीएफ तथा सवार रेल यात्रियों ने अहम भूमिका निभाई।




# जुलाई से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा खेलो झारखंड 2025-26 का आयोजन

**जामा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद राँची के निर्देशानुसार खेलो झारखंड 2025-26 का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार किया जाना है। जिसकी समय-सारणी की जानकारी दी गई है। जिसमें बताया गया है कि विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 30 जुलाई तक किया जाना है। जबकि प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता एक अगस्त से 10 अगस्त तक संचालित होगी। वहीं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 11 अगस्त से 25 अगस्त किया जाएगा तथा राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन एक सितंबर से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा।प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जामा द्वारा जानकारी दी गई कि खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्?डी, खो-खो, बॉलीबॉल, हॉकी, रस्सा-कस्सी, वुशू, तीरदांजी, ताईक्कांडो, बैंड प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न स्तरों यथा विद्यालय, प्रखंड एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। जिसमें अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिका भाग लेंगे।

## 28 जुलाई से 18 सितंबर तक ग्राम पंचायतों में होगा फाइनेंसियल इन्क्लूशन सैचुरेशन कैंपेन का आयोजन

**जामा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त के निर्देशानुसार जामा प्रखण्ड अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में फाइनेंसियल इन्क्लूशन सैचुरेशन कैंपेन का आयोजन किया जाना है। इसके तहत प्रखण्ड के सभी बैंक शाखाओं के द्वारा अपने संबंधित सेवा क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले पंचायत भवनों में शिविर का आयोजन कर उक्त क्षेत्र के बैंकिंग सेवाओं से वंचित वर्गो को आच्छादित करने का काम किया जायेगा। इस फाइनेंसियल इन्क्लूशन सैचुरेशन कैंपेन का मुख्य उद्देश्य पुराने बंद पड़े बैंक खातों का केवाईसी करना, नया बैंक खाता खोलना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों, आवास योजना के लाभुकों का बैंक खाता का ई केवाईसी एवं बैंक खाते से आधार लिंक डीबीटी करना तथा जनता के बीच डिजिटल बैंकिंग से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना है।कि उपरोक्त प्रस्तावित फाइनेंसियल इन्क्लूशन सैचुरेशन कैंपेन कार्यक्रम का ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवनों में आयोजन हेतु सभी बैंक शाखाओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

## पीएम घर : मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त ने की जिला स्तरीय समिति की बैठक

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना के मार्गदर्शिका के आलोक में जिले के 5000 से अधिक जनसंख्या वाले ग्रामों में से चार ग्रामों को उम्मीदवार ग्राम के रूप में चयनित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा साक्षरता बढ़ाना, सौर ऊर्जा आधारित पेयजल, कृषि, स्ट्रीट लाइट आदि के माध्यम से आधारभूत ढांचे का विकास करना है। इसके अतिरिक्त यह भी जानकारी दी गई कि प्रत्येक जिले में एक मॉडल सोलर ग्राम नामित किया जाएगा, जहां केंद्र सरकार द्वारा प्रति ग्राम एक लाख की केंद्रीय सहायता दी जाएगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों, मुखिया एवं पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया कि वे योजना की जानकारी लाभुक ग्रामीणों तक पहुंचाएं और उन्हें योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करें।

# पूर्व प्रमुख के घर जाकर मिले पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मसलिया :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी मंगलवार को मसलिया प्रखंड के बेलगंजिया गांव पहुंचकर पूर्व प्रमुख उमा प्रसन्न महतो से मिले। जानकारी के मुताबिक मसलिया प्रखंड के पूर्व प्रमुख उमा प्रसन्न महतो वयोवृद्ध भाजपा समर्थक हैं। लंबे समय से श्री महतो अस्वस्थ है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री मरांडी को जानकारी मिलते ही मसलिया प्रखंड के सांपचाला पंचायत के बेलगंजिया स्थित घर पहुंचकर श्री महतो से मिलकर उनका हालचाल जाना। पूर्व मुख्यमंत्री श्री मरांडी के साथ दुमका जिला के पूर्व जिलाध्यक्ष परितोष सोरेन, जिला उपाध्यक्ष विवेकानंद राय, जिला युवा अध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल, मसलिया पूर्वी मंडल अध्यक्ष सहदेव मरांडी, गौरीशंकर यादव, गिरीधारी झा, रविशंकर झा, मार्शल ऋषिराज टुडू, भुवनेश्वर टुडू, संतोष सोरेन, दिलीप कुमार महतो सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत, सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कोठिया खिड़धना मोड़ के पास बालू लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी राजेंद्र यादव दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा कर करीब दो घंटे बाद जाम हटाया। मृतक जादू कुलाल(25) सरैयाहाट थाना क्षेत्र के तिलकपुर गांव का रहनेवाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। मृतक दो बच्चों का पिता था। परिजनों ने बताया कि वह मंगलवार को कोठिया हटिया खरीदारी करने गया था। जहां से लौटने के क्रम में खिड़धना मोड़ के पास बालू लोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे में युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई। वह अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला था।

# पथरीली सड़क से राहगीर परेशान, ग्रामीणों ने की मरम्मती कराने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मसलिया :** मसलिया प्रखंड के हथियापाथर पंचायत के गोड़माला से दतियारपुर गांव जाने वाली पथरीली सड़क से राहगीर परेशान हैं। इससे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जानकारी के मुताबिक एककृत बिहार राज्य के समय इस सड़क पर मरम्मती सहित कालीकरण कार्य हुआ था। उसके बाद किसी भी विभाग से इस सड़क पर मरम्मती कार्य नहीं किया गया है। झारखंड अलग राज्य बनने के 25 साल पूर्ण होने के बावजूद भी अभी तक इसकी मरम्मती नहीं हुई। सड़क से कालीकरण उखाड़ कर नुकीले पत्थर निकल गए हैं। बरसात के दिनों में बीच सड़क पर बने गडढे में पानी भर जाता है। दिन के उजाले में राहगीर किसी तरह आना जाना कर लेते हैं। पर शाम ढलने के बाद इस पथरीली सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। रात के अंधेरे में राहगीर नुकीले पत्थर से ठेकर खाकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीणों ने इस सड़क की मरम्मती कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## सड़क दुर्घटना में घायल साईकिल चालक की मौत, लोगों ने किया सड़क जाम

**मसलिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साहेबगंज - गोबिंदपुर मुख्य मार्ग पर गोलबंधा पहाड़ी के तीखी मोड़ में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साईकिल चालक शिवधन चौड़े(55)की मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर साहेबगंज - गोबिंदपुर मुख्य मार्ग को करीब एक घंटा जाम कर दिया। जानकारी के मुताबिक वृद्ध शिवधन चौड़े साइकिल लेकर बेटी के सुसराल जामा थाना क्षेत्र के चिगलपहाड़ी से अपना घर मसलिया थाना क्षेत्र के सिमरोगादी गांव के बांसजोड़ा टोला का रहे थे। गोलबंधा पहाड़ी ढलान पर अज्ञात वाहन की धक्के से उनकी मौत हो गई। पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को काफी समझा बुझाकर मृतक के परिवार को नकद 20 हजार रूपये तथा पत्नी के नाम पर विधवा पेंशन देने का आश्वासन देकर जाम हटाया। मृतक शिवधन चौड़े अपने पीछे पत्नी के अलावा तीन पुत्र तथा दो पुत्री को छोड़कर चले गए।

## टेनिस बॉल क्रिकेट सलेक्शन ट्रायल रांची में 27 को

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड बालक एवं बालिका अंडर 14, 17 एवं 19 टीम के गठन हेतु झारखंड टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा एक दिवसीय सलेक्शन ट्रायल कैंप रांची के धुर्वा गोलचक्कर मैदान में रविवार यानी 27 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए दुमका जिला टेनिस बाल क्रिकेट संघ के सचिव संदीप कुमार जय बमबम ने बताया कि अंतिम रुप से चयनित झारखंड के बालक एवं बालिका टीम आगामी 18 से 20 अगस्त तक करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में प्रस्तावित अंडर 14 नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप, 17 से 20 सितंबर तक उत्तर प्रदेश के आगरा में प्रस्तावित अंडर 19 चैंपियनशिप तथा 14 से 17 अक्टूबर तक राजस्थान के दौसा में आयोजित होने वाली अंडर 17 चैंपियनशिप अर्थात मिनी सब जुनियर, जूनियर और सब जुनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप में भाग लेगी। श्री बमबम ने बताया कि उक्त चयन शिविर में प्रतिभागिता के इच्छुक टेनिस बॉल क्रिकेटर अपने जिला सचिव की अनुशंसा से भाग ले सकते हैं।

## ट्रेन से कट कर वृद्ध की मौत

**हंसडीहा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंसडीहा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रेक से बुधवार की सुबह एक वृद्ध व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह पुलिस को रेलवे द्वारा सूचना दी गई की हंसडीहा दुमका रेलवे ट्रैक पर हंसडीहा स्टेशन के समीप ट्रेन से कट कर एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया कि शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा गया है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।

# बीडीओ ने की अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक, जामजोरी के सीएसओ और एएनएम को स्पष्टीकरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रानीश्वर :** उपायुक्त के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नदियानंद मंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री अस्पताल संचालक एवं रख रखाव योजना अंतर्गत आवंटन प्राप्त हुआ है। जिसके तहत जीर्णोद्धार एवं लघु मरमती के साथ-साथ सामग्री का भी कार्य किया जाना है। इसके तहत बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रवेश द्वार पर कैटल गार्ड का निर्माण, मुख्य भवन गेट की मरम्मती, चार दिवारी की मरम्मती आदि के साथ-साथ बायोमेट्रिक सिस्टम, रेफ्रिजरेटर, कंप्यूटर सिस्टम, केंट, कुर्सी, टेबल आदि के क्रय का निर्णय आज की बैठक में लिया गया। बांसकुली पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किए गए मरमती कार्य की गुणवत्ता नहीं होने के कारण संबंधित वेंडर को नोटिस निर्गत करने का निर्णय लिया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर जामजोड़ी का भवन बंद रहने की शिकायत पर संबंधित सीएचओ और एएनएम को स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर हकीकतपुर में पहुंच पथ का निर्माण एवं सौंदर्य करण करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि प्रत्येक आवंटन को नियम अनुसार एवं प्रक्रिया के अधीन ही व्यय किया जाना है। विभागीय निर्देशन का अनुपालन हर हाल में किया जाना है। उक्त बैठक में रानीश्वर प्रखंड की मुखिया श्रीमती मार्शिला बास्की, जिला परिषद विमान कुमार सिंह, महिला पर्यवेक्षिका, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि अन्य चिकित्सक लेखा प्रबंधक, टेक्नीशियन सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# शोकसभा आयोजित कर राजद नेता लक्ष्मण पासवान को दी श्रद्धांजलि

❍ सामाजिक न्याय के मजबूत स्तंभ थे लक्ष्मण पासवान : डॉ अमरेन्द्र यादव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** राष्ट्रीय जनता दल के नेता लक्ष्मण पासवान के आकस्मिक निधन पर राजद जिला अध्यक्ष डॉ अमरेंद्र कुमार यादव के अध्यक्षता में बुधवार को इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में शोक सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सभी राजद कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित की और उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया।उनके जीवनी पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ अमरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि वे समाजिक न्याय के मजबूत स्तम्भ थे। उनका जन्म 26 जनवरी 1943 में चंदपुर भंगा, बमनखी ब्लॉक, जिला पूर्णिया बिहार में हुआ था। स्नातक की उपाधि तिलका मांझी विश्वविद्यालय से प्राप्त की थी। छात्र जीवन में ही राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखते हुए 1967 में बिहार विधान सभा का चुनाव बमनखी विधान सभा से लड़े और दूसरे स्थान पर रहे थे। 1975 में बिहार प्रशासनिक सेवा में चयनित हुए और विभिन्न पदों पर कार्य किए। उनकी पहली पोस्टिंग प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ दुमका के पद पर हुई थी उसके बाद अंचलाधिकारी आदि विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए 2001 में गया, बिहार से अपर समाहर्ता के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के बाद दुमका बार एसोसिएशन से जुड़ कर अधिवक्ता के रूप में अंतिम दिन तक कार्य करते रहे थे। सेवानिवृत्त होने के बाद आजीवन राजद के सक्रिय कार्यकर्ता और नेता के रूप में सामाजिक कार्यों से जुड़े रहें। पिछला महीना ही उन्होंने राजद के प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी का दायित्व निभाते हुए चुनाव सम्पन्न कराया था। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित ने कहा कि लक्ष्मण पासवान के निधन से राजद परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। पूरा राजद परिवार शोकाकुल है। शोकसभा में राजद नेता प्रवीर कुमार वर्मा, असलम परवेज, मानिक पंडित, युवा नेता उमेश ठाकुर, सुबोध यादव, शेष यादव, दिनेश मिश्रा, गणेश भंडारी, कालेश्वर भंडारी, राजू चालक, आर्यन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## गंगा रिवर थाना ने 3 नाव किया जब्त

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गंगा रिवर थाना पुलिस ने बुधवार को गंगा घाट के निकट से 3 नाव जब्त किया है। बताया जा रहा है कि गंगा के जलस्तर में वृद्धि के बीच अपर समाहर्ता गौतम भगत ने क्षमता से अधिक सवारी ढोने पर रोक लगाई है। इसको लेकर पुलिस भी सतर्कता बरत रही है। थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि तीन नाव को जब्त कर छानबीन की जा रही है।

## डीटीओ ने एक हाईड्रा व लिक्विड सीमेंट लोड ट्रक को किया जब्त

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीटीओ मिथिलेश कुमार चौधरी ने बुधवार को जाँच क्रम दौरान एक हाईड्रा व लिक्विड सीमेंट लोड एक ट्रक को जब्त किया द्य जिसके बाद दोनों जब्त वाहन को मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द किया। वही इस कार्रवाई के बाद वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया था।

## ट्रांसफार्मर लेकर जा रहे वाहन को डीटीओ ने पकड़ा

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिरवाबाड़ी थाना के निकट बुधवार को डीटीओ मिथिलेश चौधरी ने वाहन जांच के दौरान बिजली विभाग का एक ट्रांसफार्मर लदा पिकअप वैन जब्त कर लिया। वाहन की बॉडी तय मानक के अनुसार नहीं थी। डीटीओ ने बताया कि वाहन के कागजातों व फिटनेस की जांच की गई है। वाहन से संबंधित अन्य जांच की जा रही है।

## खुशखबरी : 15 अगस्त तक सदर अस्पताल में चालू होगा पेइंग वार्ड : डॉ. रामदेव

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निजी अस्पतालों की तरह जल्द ही सदर अस्पताल में भी पेइंग वार्ड की सुविधा जल्द ही मरीजो को मिलेगी। इसे लेकर बुधवार को सीएस डॉ. रामदेव पासवान ने सदर अस्पताल का जायजा लिया। सीएस ने पेइंग वार्ड का कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। सीएस ने कहा कि 15 अगस्त तक पेइंग वार्ड चालू हो जाएगा। इसके लिए संबंधित संवेदक को सख्त निर्देश देते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि काम मे किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। वही कार्य लगभग पूरा हो गया है। जल्द ही हैंड ओवर कर दिया जाएगा। वही पेइंग वार्ड बनने से मरीज व उसके परिजनों को सस्ते दर पर बेहतर कमरा मिलेगा। इसमे सभी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा सीएस आईपीडी, ओपीडी, समेत सभी विभागों का जायजा लिया है। मौके पर डीएस डॉ. दिवेश कुमार मौजूद थे।

## आरपीएफ की टीम ने जांच अभियान के तहत दो नाबालिक बच्चों को किया रेस्क्यू

**बरहरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार अपने आरपीएफ स्टाफ और बाल मंथन संस्थान चाइल्ड लाइन बरहरवा की आराधना मंडल एवं गौतम कुमार को साथ लेकर मानव तस्करों के विरुद्ध बरहरवा रेलवे स्टेशन पर एक जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान जब प्लेटफार्म नंबर 01 रनिंग रूम के नजदीक पहुंचे तो देखा कि दो नाबालिग लड़के संदिग्ध तरीके से इधर-उधर घूम रहा है। पूछताछ करने पर उनमें से एक ने बोरियो थाना, साहिबगंज और दूसरे ने देदाग थाना गोड्डा का रहने वाला बताया। वहीं नाबालिक बच्चे बताया कि वह अपने माता-पिता को बिना कुछ बताए लखनऊ काम करने के लिए घर से भाग कर स्टेशन आ गया था। इसके बाद उसकी गतिविधियों और बातचीत से संतुष्ट न होने के कारण नाबालिग लड़को को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद लड़के को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया। इसके बाद सभी कानूनी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद दोनों नाबालिग लड़को को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए बाल संरक्षण मंथन बरहरवा की आराधना मंडल को सौंप दिया गया है।

## न्यायालय का आदेश की अवहेलना, प्राथमिकी दर्ज

**उधवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजमहल व्यवहार न्यायालय की अवहेलना मामले में राधानगर थाना में कई लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव के सिमल हेंब्रम, ताला बाबू हेंब्रम, मरोमय हेंब्रम सहित अन्य ने व्यवहार न्यायालय राजमहल के आदेश का अवहेलना करते हुए सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया है। मामले को लेकर मो. समीरुद्दीन अहमद अमीन व्यवहार न्यायालय राजमहल ने लिखित आवेदन दिया है। इस मामले में पुलिस ने थाना कांड संख्या 271/25 एवं बीएनएस की धारा-191(2), 223(ए), 132, 351(2), 352 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## सुभाष मोड़ पर डीटीओ की ओर से सघन वाहन जांच अभियान

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के सुभाष मोड़ के पास मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर चल रहे वाहनों के कागजातों की गहन जांच की गई। जांच अभियान में विशेष रूप से ई-रिक्शा, टोटो, दोपहिया और चार पहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, फिटनेस व इंश्योरेंस दस्तावेजों की जांच की गई। मौके पर जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस टीम भी मौजूद रही और पूरे अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और बिना वैध दस्तावेज के चल रहे वाहनों पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई है।

## सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**राजमहल(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर पंचायत क्षेत्र के प्लस टू जेके हाई स्कूल में बुधवार को राजमहल नगर पंचायत की ओर से सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का मूल मंत्र को बताया गया। साफ सफाई रहने एवं अपने आसपास भी साफ सफाई रखने का के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि जहां गंदगी है, वही बीमारी पनपता है और वहीं से बीमारी लोगों को संक्रमित करता है।

## छोटी कोदरजन्ना शिव मन्दिर की जमीन को सीओ व थाना प्रभारी ने कराया अतिक्रमण मुक्त

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर प्रखंड क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना में बने शिव मंदिर के पीछे तरफ की जमीन को वहां के रहने वाले लोग कई वर्षो से कब्जा कर अपने कब्जे में रखा था। जिसके बाद मंदिर कमेटी के सदस्य ने उक्त जमीन को मुक्त कराने के लिए मामला को अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन विधिवत रूप से देकर जमीन को कब्जे से मुक्त कराने की अपील किए थे।

### जिला में विभिन्न मद से संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# योजना के समीक्षा के बाद डीसी ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण, दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में डीएमएफटी, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद, नीति आयोग आदि मद से संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई।

बैठक में एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, असैनिक शल्य चिकित्सा, भवन प्रमंडल, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण, नगर परिषद विभाग द्वारा योजना अंतर्गत की जा रही कार्यों की चर्चा की गई एवं समयबद्ध रूप से कार्य को पूर्ण करने को कहा गया। सदर अस्पताल में पेइंग वार्ड निर्माण,





मंडल कारा के गेट के सामने महिला शौचालय का निर्माण, बाल सुधार गृह भवन का मरम्मती कार्य, स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर में अतिरिक्त तीन वर्ग कक्षा का निर्माण, साहिबगंज जिला में वेस्ट वंडर पार्क का निर्माण, पुरुलिया डांगा में सड़क व गार्ड वॉल निर्माण कार्य, पीएम जनमन एमपीसी, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक के पूर्व डीसी ने बाल सुधार गृह के भवन का मरम्मती कार्य, ज्ञान केंद्र भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई अनियमितता मिली।

इसपर डीसी ने सुधार के निर्देश दिए। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, सिविल सर्जन डॉ राम देव पासवान, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव व अन्य उपस्थित थे।

### ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के केंद्रीय समिति का विस्तार

## संजय उरांव अध्यक्ष व चंदन कुमार बने सचिव

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट के सभागार में बुधवार को ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के केंद्रीय समिति संगठन विस्तार को लेकर आम सभा हुई। इसमें केंद्रीय समिति व साहिबगंज ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन शाखा के सदस्य की उपस्थिति में नई संगठनों का विस्तार किया गया। सभा की अध्यक्षता केंद्रीय शाखा के महामंत्री अमित घोष ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। वही संगठन के विस्तार पर प्रथम चरण में चर्चा की गई। चर्चा के उपरांत ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के युद्ध शाखा का निर्माण किया गया। इसमे संजय उरांव को अध्यक्ष व चंदन कुमार को सचिव पद के लिए चुना गया। जबकि अन्य पद के लिए सदस्यों का चयन किया गया। दूसरी ओर महिला संगठन के लिए भी चर्चा के बाद महिला अध्यक्ष के रूप में नूतन देविका चयन किया गया। नीतू देवी को सचिव बनाया गया। केंद्रीय शाखा के महामंत्री अमित घोष ने चयनित सदस्यों की घोषणा की है। वही संगठन पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि संगठन का विस्तार किया गया है। ताकि कर्मचारियों की समस्या का समय पर निदान किया जा सके। इसके लिए भी लोगों को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चर्चा की गई। मौके पर कमेटी अध्यक्ष कौशिक जोशी, असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी अरुण गांगुली, असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी रूपन दास आदि थे।

## सीएस ने लदौनी व करम पहाड़ का किया निरीक्षण, मरीजों के आने जाने की कर रहें व्यवस्था


पहाड़िया गांव से अब भी इलाज के लिए खाट पर पैदल आते हैं पहाड़िया ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक प्रभात मंत्र अखबार में प्रमुखता से छपी खबर पहाड़िया गांव से अबभी इलाज के लिए खाट पर पैदल आते हैं पहाड़िया ग्रामीण शीर्षक से सीएसडॉ रामदेव पासवान ने संज्ञान लिया है। इसपर सीएस ने बुधवार को लदौनी गांव का जायजा लेते हुए मृतक के परिजन से मुलाकात कर घटना पर दुख जाहिर की है। सीएस ने गांव की समस्या



को देखते हुए स्वास्थ संबंधित मुहैया कराने का निर्देश दिए है। सीएस ने आश्वासन देते हुए कहा कि गांव गांव तक स्वास्थ सुविधा पहुचेगा। साथ ही सीएस ने यह भी कहा कि अगर जहां वाहन नही पहुच सकेगा वैसे जगहों पर व्यकल्पिक सुविधा मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए है। अगर गांव में कोई बीमार है तो वहां की सहिया की जिम्मेदारी है कि उसे अस्पताल तक सुरक्षित पहुचाया जाय। दरअसल 21 जुलाई की रात लदौनी के रहने वाले कजरा पहाड़िया की 16 वर्षीय पुत्री बदरी पहाडीन को गंभीर स्थिति रहने पर परिजनों ने खाट पर लेकर पैदल अस्पताल पहुचे थे। जबकि अगले दिन 22 जुलाई की शाम चार बजे किशोरी की मौत के बाद भी शव ले जाने के लिए मोक्ष वाहन नही मिला। शव को परिजन पुनः खाट पर लेकर घर जाना पड़ा। वही इस खबर पर सीएस ने कार्यवाई करने का भी आश्वासन दिया है। इसके अलावा सीएस ने करम पहाड़ का भी भ्रमण कर स्वास्थ सुविधाओ की जानकारी ली है।

### समाज कल्याण योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

## डीसी ने आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका के रिक्त पद रहने पर जताई नाराजगी, शीघ्र भरने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, सेविका-सहायिका की नियुक्ति, पोषण ट्रैकर ऐप, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

डीसी ने आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका के रिक्त पदों को शीघ्र भरने का निर्देश दिया और पदों की रिक्तता पर नाराजगी भी जताई। उन्होंने निर्देशित किया कि महिला पर्यवेक्षिका नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें, विशेषकर उन स्थानों पर जहाँ सेविका द्वारा केंद्र नहीं खोले जा रहे हैं। साथ ही सभी सीडीपीओ को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि सभी केंद्र प्रतिदिन खुले और उनकी जियो-टैग फोटो ग्रुप में साझा की जाए। बैठक के दौरान डीएमएफटी मद से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लघु सिंचाई विभाग के राजमहल कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** लघु सिंचाई विभाग के राजमहल कार्यालय जो कुछ दिन पूर्व तकनीकी कर्म से साहिबगंज जिला मुख्यालय में शिफ्ट हो गया था। उसे विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा के माध्यम से दिशा की बैठक में प्रस्ताव लिए जाने के उपरांत राजमहल में पुनः शिफ्ट किया गया। प्रखंड कार्यालय भवन में लघु सिंचाई विभाग के कार्यालय का उद्घाटन विधायक मों. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा जी व एसडीओ सदानंद महतो के माध्यम से संयुक्त रूप से किया गया। विधायक ने कहा कि राजमहल कृषि बाहुल्य क्षेत्र है, इस क्षेत्र में लघु सिंचाई विभाग के माध्यम से अनेकों कार्य होना है। जिसके लिए कार्यालय का होना अति आवश्यक था। ताकि क्षेत्र के लोग जनहित की समस्या को लेकर कार्यालय में अपनी बातों को रख



सकें।

उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि राजमहल प्रखंड क्षेत्र के लघु सिंचाई से जुड़ी लंबित प्रोजेक्ट एवं अन्य योजनाओं का निरीक्षण करते हुए प्राक्कलन तैयार कर विभाग को भेजने का कार्य करें। मौके पर सहायक अभियंता चेतन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## राशन कार्ड डिलेशन कार्य में तेजी लाने का डीसी ने बैठक में दिया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आपूर्ति विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं एवं विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसी ने जिले में राशन कार्ड डिलेशन की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए अब तक हुए कार्यों की प्रगति पर असंतोष जताया, परन्तु शेष बचे लाभुकों के डिलेशन कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि समयबद्ध रूप से सभी योग्य लाभुकों को राशन सुविधा से जोड़ा जाना अत्यंत आवश्यक है, जिससे कोई भी पात्र परिवार वंचित न रहे। डीसी ने बैठक में गोदामों की स्थिति की समीक्षा करते हुए पुराने गोदामों की मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा नये गोदामों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये।

उन्होंने भंडारण क्षमता, वितरण प्रणाली तथा निगरानी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने पर भी बल दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू सहित विभिन्न प्रखंडों के गोदाम प्रबंधक उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को कार्य में पारदर्शिता एवं तत्परता बनाये रखने का निर्देश दिया गया।

## वीर क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को जयंती पर भाजपाइयों ने किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** शहर के आज़ादनगर में स्थित अदम्य साहस और शौर्य की प्रतिमूर्ति, माँ भारती के महान सपूत, स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहूति देनेवाले वीर क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर बुधवार की शाम आजाद की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी साहिबगंज नगर कमेटी के नगर अध्यक्ष संजय पटेल के नेतृत्व में साहिबगंज नगर के दीप जला कर नमन किया गया। वहीं कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के द्वारा अदमय साहस केवल पर भारत को आजाद करने में बहुमूल्य योगदानों को कार्यकर्ताओं के बीच रख उनको नमन किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रामानंद साह,



चंद्रभान शर्मा, प्रेमलाल मंडल, पंकज चौधरी, संतोष चौधरी, प्रकाश पंडित, विकास सिंह, अमरनाथ, मिश्रा, मनोज तांती, सौरभ मिश्रा, विकास सिंह, आदित्य राज ठाकुर, गरिमा साह, आकाश गुप्ता, विजय यादव, आकाश गुप्ता भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिजली करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, दिखा विभाग का लापरवाही



**बोरियो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के पुआल पंचायत सचिवालय समीप बुधवार दोपहर बिजली करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर पुआल पंचायत सचिवालय समीप बसे गांव निवासी रामजीत पंडित (42 वर्ष) घर के बगल बहियार में बकरी चरा रहा था। इसी क्रम में बहियार में लगे बिजली पोल के झूलते हुए एलटी तार के चपेट में आ गया। चपेट में आने से घटनास्थल पर ही रामजीत पंडित की मौत हो गई। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पहुंच बहियार में पड़े रामजीत पंडित को उठाकर निजी वाहन के सहयोग से सीएचसी बोरियो पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने रामजीत पंडित को मृत घोषित कर दिया। इधर, परिजनों ने बिजली विभाग से मुआवजे की गुहार लगाई है। घटना के बाद क्षेत्र में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं ग्रामीण इसे बिजली विभाग की लापरवाही बता रहें हैं।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादकीय कार्यालय : बगानपाड़ा, पोखराचौक, वार्ड नं0 - 10, दुमका, थाना - दुमका नगर, जिला - दुमका 814101, संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

# नगर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, अवैध लॉटरी का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार, प्रिंटर व लैपटॉप बरामद

## पैसे गिनने वाली मशीन सहित अन्य सामान भी मिले





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** नगर थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध लॉटरी के धंधे का भंडाफोड़ किया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रयाग दास की टीम ने छापेमारी कर चार धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। इनमें बलिहारपुर के पूर्णेन्दु शेखर गांगुली, ग्वालपाड़ा के मोती शेख, कुड़ापाड़ा के निरंजन कुमार तथा तलवाडांगा नंदीपाड़ा के विशाल कुमार गोस्वामी शामिल है। पुलिस को छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध लॉटरी के साथ प्रिंटर मशीन एवं लैपटॉप सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। अवैध लॉटरी के खिलाफ यह कार्रवाई पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। बता दें कि नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक प्रयाग दास पिछले कुछ दिनों से अवैध लॉटरी के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान लॉटरी बेचते कई लोगों को रंगे हाथ पकड़ कर जेल भेज चुके हैं। इधर अवैध लॉटरी के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रयाग दास ने बुधवार को प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निर्देश पर एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में टीम गठित कर 22 जुलाई को नगर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर छापेमारी की गई। इस दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से भारी मात्रा में अवैध लॉटरी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि नागालैंड स्टेट का 184 बंडल लॉटरी के साथ-साथ प्रिंटर मशीन और लैपटॉप भी मिले। इसके अलावा चार स्मार्टफोन, यूनियन बैंक का एक ब्लैंक चेक, स्टेम पैड, स्टेपलर, पिन, रोलर टैप, रबर, पैसे गिनने वाली मशीन, नोट पैड, रेलवे का सफेद चादर तथा 3,800 रुपए कैश बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चारों व्यक्तियों को जरूरी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेजा जा रहा है।

**छापेमारी टीम में शामिल पदाधिकारी :-** अवैध लॉटरी के खिलाफ नगर थाना को मिली उपलब्धि में थाना प्रभारी प्रयाग दास सहित कुल नौ पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक दिलीप कुमार बास्की, मुफस्सिल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अनंत साह, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार, मुफस्सिल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मिथुन रजक, सहायक अवर निरीक्षक सनातन मांझी तथा सहायक अवर निरीक्षक अनंत राम टीम के सदस्य थे।

# केंद्रीय टीम ने स्वच्छता को ले मालपहाड़ी पंचायत का किया सर्वेक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** केंद्रीय टीम ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 को लेकर सदर प्रखंड के मालपहाड़ी पंचायत का सर्वेक्षण किया। इस अवसर पर पंचायत भवन में मुखिया सविता हेंब्रम के द्वारा भारत सरकार के स्वतंत्र एजेंसी एकेडमिक ऑफ मैनेजमेंट स्टडी के प्रतिनिधि सविता कुमारी एवं श्वेता कुमारी को मुखिया के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। सर्वेक्षण दल के द्वारा मुख्य रूप से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए उपलब्धियां एवं व्यवहार परिवर्तन तथा अवयवों के उपयोग से सबंधित आंकड़े लिए गए। प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया गया। जिसमें पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, धार्मिक स्थल में अंतर्गत सूखा कचरा अलग गीला कचरा अलग जैविक कचरा महावारी स्वच्छता प्रबंधन हेतू भस्मक का निर्माण सोख्ता गड्ढा, जैविक खाद, कंपोस्ट पिट, हाथ धोने की व्यवस्था, कचरे को निष्पादन हेतु उचित व्यवस्था तथा व्यक्तिगत शौचालय के लाभों के साथ आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण किए गए अवयवों के उपयोग से संबंधित जानकारी ली गई। स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यो का टीम ने सराहना किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक इमरान आलम, पंचायत सचिव सुकुमार सिंह, आंगनबाड़ी सेविका प्रिया बेसरा, एएनएम दीदी हर्ष लता मुर्मू, जलसहिया सबीना मुर्मू, नाजमेरा बीवी स्वास्थ्य सहिया लिली सहित पंचायत के कर्मी उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा गणपति महोत्सव, मनमोहक होगा पूजा मंडप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** पाकुड़ में गणपति महोत्सव की तैयारी को लेकर गतिविधियां तेज हो गई है। इधर सार्वजनिक गणेश पूजा समिति रेलवे मैदान पाकुड़ की बुधवार को बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता राणा शुक्ला ने किया। पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित महावीर मंदिर के सत्संग भवन में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से गणेश पूजा के संस्थापक हिसाबी राय, संजय कुमार ओझा, अखिलेश कुमार चौबे, अनिकेत गोस्वामी आदि शामिल हुए। इनके अलावा गणेश पूजा समिति के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भी बैठक में हिस्सा लिया। इस संबंध में संस्थापक हिसाबी राय ने बताया कि बैठक में 27 वां गणपति महोत्सव को रूप में मनाने को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।इस वर्ष पूजा 27 अगस्त से प्रारंभ होकर 30 अगस्त तक चलेगी। उन्होंने बताया कि गणपति महोत्सव को सफल बनाने के लिए एक कार्यसमिति बनाई गई।जिसमें अध्यक्ष अनिकेत गोस्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना रविदास, उपाध्यक्ष नितिन कुमार मंडल, अमित साहा, सचिव अजित मंडल, संयुक्त सचिव संजय कुमार राय, सह सचिव आदित्य सिंह, निर्भय सिंह कोषाध्यक्ष तन्मय पोद्दार एवं व्यवस्था प्रमुख अंकित मंडल को बनाया गया। वहीं पूजा कार्यसमिति सदस्य मनीष कुमार सिंह, रतुल दे, भक्ति पूजन प्रसाद, संजय मंडल, ओम प्रकाश नाथ, विशाल साहा, अमन भगत, अंशु राज, जितेश रजक, बूबाई रजक, अंकित शर्मा, बिट्टू राय, राका कुमार राय, रणजीत राम, ज्वाला सिंह, रौशन अग्रवाल, कृष्णा घोष तथा मार्गदर्शक मंडली में तीर्था शंकर शुक्ला, मोनी सिंह, कुंवर राय, अविनाश पंडित, जवाहर सिंह, अजय राय, कैलाश मध्यान, सुशील साहा, लाल्टू भौमिक, विजय कुमार राय को बनाया गया। अध्यक्ष अनिकेत गोस्वामी ने बताया कि 27 वें गणपति महोत्सव में गणपति बप्पा की चार दिवसीय पूजनोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं विगत के वर्षों से पूजा मंडप, विद्युत व साज सज्जा इस वर्ष और बड़े पैमाने पर एवं मनमोहक बनवाई जा रही है। 26 अगस्त को संध्या प्रहर कपाट खुलने के साथ ही बाबा का आमंत्रण सहित पूजा प्रारंभ होगी। 27 अगस्त को प्रथम दिन कलश स्थापना व गणपति बप्पा की प्रतिमा को स्थापित कर पूजा आरंभ होगी। संध्या आरती के पश्चात संध्या भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिन 28 अगस्त को सुबह पूजा व संध्या आरती के उपरांत बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम को प्रारंभ किया जाएगा। वहीं 29 अगस्त को सुबह पूजा संध्या आरती के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम व नित्य प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण किया जाएगा। वहीं 30 अगस्त अंतिम दिन को पूजा के उपरांत घट विसर्जन वह दोपहर में डांडिया और मटका फोड़ के उपरांत संध्या समय प्रतिमा विर्सजन किया जाएगा। इस वर्ष समिति के द्वारा निर्णय लिया गया की नित्य प्रतियोगिता के अलावे चित्रकला एवं अन्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करेगी। बैठक में सुशील साह, शंकर लाल साह, कैलाश मध्यान, अविनाश पंडित, मोनी सिंह, रणजीत राम, अमर कुमार मल्होत्रा, रामकुमार यादव, केशव मंडल, विकास साह, राजा कुमार राय, जितेश रजक, अंकित शर्मा, अंकित मंडल, अभिषेक पासवान, बुबाई रजक, अभिषेक साह, ओमप्रकाश नाथ, भक्ति कुमार, बिट्टू राय, मो. शब्बीर हुसैन, अजय ठाकुर, युवराज उपाध्याय, अंशु ठाकुर, रतुल दे, संजय मंडल, अमन भगत, ज्वाला सिंह, रोशन अग्रवाल, कृष्ण घोष आदि मौजूद थे।

# फसल बीमा को ले कार्यशाला का आयोजन, बताया आपदा से नुकसान की भरपाई का फायदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** प्रखंड के कृषि विज्ञान केंद्र महेशपुर पाकुड़ में बुधवार को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषि विभाग के द्वारा एक दिवसीय फसल बीमा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश रमन ने किया। उन्होंने किसानों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित कराने को लेकर कार्यशाला में प्रखंड के गांवों से बड़ी संख्या में कृषक मित्र, प्रज्ञा केंद्र (सीएससी) संचालक लैंप्स सचिवों को फसल बीमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भदोई धान एवं भदोई मक्का किसानों द्वारा लगाए फसल अनिश्चित मौसम परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों को होने वाले नुकसान से बचाने में कृषि फसल बीमा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यशाला में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से सम्बंधित जानकारी बीमा कंपनी बजाज एलाइंस इंश्योरेंस के जिला समन्वय मो. समसुल जोहा ने फसल बीमा के तहत प्रीमियम की गणना, बीमा दावा प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार पूर्वक सभी कर्मियों एवं किसानों को समझाया गया। उन्होंने बीमा कवरेज करने वाली मुख्य बिंदु के बारे बताया कि कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता, फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलों में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने तथा फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त उपज आंकड़े, निर्धारित थ्रेसहोल्ड उपज से कम आने की स्थिति में फसल बीमा कवरेज करती हैं। साथ ही पंजीकरण प्रक्रिया किसानों को बीमा योजनाओं के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया समझाई गई जिसमें आवश्यक दस्तावेज जैसे भूमि रिकॉर्ड बैंक खाता विवरण और आधार कार्ड की जानकारी दी गई। इस अवसर पर संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश रमन के अलावे प्रखंड सकारिता पधाधिकारी नौरिक रविदास, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक अभिजीत शील, शांतनु कुमार शील, बजाज एलाइंस के प्रखंड समन्वयक लुकाश किस्कू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर लैंप्स सचिव सहित दर्जनों सीएससी संचालक, कृषक मित्र उपस्थित थे।

# तनवीर आलम ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से की शिष्टाचार मुलाकात, पूछा कुशल-क्षेम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने बुधवार को राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके कार्यालय में मुलाकात की। कांग्रेस अध्यक्ष से तनवीर आलम का यह शिष्टाचार मुलाकात थी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को गुलदस्ता भेंट किया। इस दौरान तनवीर आलम श्री खड़गे से कुशल-क्षेम पूछा। इसके बाद झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालातों पर भी चर्चा हुई। प्रदेश में संगठन मजबूती को लेकर भी चर्चा किया गया।

# अग्निशमन की टीम ने डीपीएस के छात्रों को आग से बचाव का बताया तरीका





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** अग्निशमन विभाग की टीम ने बुधवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में मॉक ड्रिल के जरिए आग से बचने के तरीकों को दिखाया। इस दौरान टीम ने छात्रों और शिक्षकों को आग से बचाव की जानकारी दी।अग्निशमन दल के प्रभारी रमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में फायरमैन नरेंद्रनाथ उरांव और फायरमैन बैजनाथ राम ने अलग-अलग तरीकों से विभिन्न तरह के आग लगने की वजहों और उससे बचाव को प्रदर्शित किया। आग के प्रकारों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए आग की मुख्य रूप से तीन श्रेणियां ए, बी, और सी के बारे में बच्चों को जानकारी दी। बच्चों को श्रेणी ए में कागज, लकड़ी, कपड़ा, रबर और कुछ प्लास्टिक की आग, श्रेणी बी में ज्वलनशील तरल पदार्थ जैसे गैसोलीन, पेंट थिनर, ग्रीस, मोटर ऑयल और सॉल्वैंट्स से सम्बंधित आग, श्रेणी सी में विद्युत से लगने

वाली आग के बारे में जानकारी के अलावा, आग लगने से रोकने, बचाव कार्य करने और आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान करने की भी जानकारी दी गई। शिक्षकगण तथा बच्चों को अग्नि की घटनाओं के निवारण और एहतियात के वर्णन के साथ ही साथ उन्हें अग्निशमन यन्त्रों के उपयोग और रखरखाव की भी जानकारी प्रदान की गई। अग्निशमन दल ने बताया कि सावधानी द्वारा अग्नि की घटनाओं को टाला जा सकता है।अग्निशमन दल के द्वारा बच्चों को टोल फ्री नंबर 112 तथा पाकुड़ अग्निशमन दल का नंबर 9304953447 की जानकारी देते हुए बताया गया कि अग्नि से सम्बंधित किसी भी अप्रिय घटना से रक्षा हेतू उपरोक्त नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। इससे यथा शीघ्र सहायता प्राप्त होगी। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने अग्निशमन दल के इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि इस पहल से बच्चों के साथ-साथ पूरे समाज में सतर्कता के कारण आग से होने वाली घटनाओं में कमी आएगी।विद्यालय के प्रधानाचार्य जेके शर्मा ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि सावधानी में ही सुरक्षा है।किसी भी अप्रिय घटना के दौरान अपने पर संयम बनाए रखे और अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

# मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कर दी गई दवा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलगापाड़ा में बुधवार को आयुष्मान आरोग्य कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मंजर आलम की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस दौरान रोगियों की जांच के साथ उन्हें मुफ्त दवा उपलब्ध कराई गई। चिकित्सक डॉ. मंजर आलम ने बताया कि यह अभियान केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है। जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे में अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा प्रदान करना है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान दोनों केंद्रों पर चिकित्सकों की टीम द्वारा अनेकों मरीजों का इलाज किया गया । मौके डॉ मंजर आलम, डॉ गंगा शंकर शाह, डॉ प्रीतम कुमारी, बीपीएम प्रभात दास, एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# बीडीओ ने योजनाओं का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के बड़कियारी पंचायत में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बीपीओ रिजवान फारुकी, बीपीआरओ प्रसेनजीत मंडल, जेई संजय मुर्मू, मुखिया जगेश्वर हेंब्रम एवं रोजगार सेवक मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के तहत चल रहे सिंचाई कूप निर्माण, अबूवा आवास, बिरसा हरित योजना, 15 वें वित, पंचायत भवन एवं स्कूल का निरीक्षण किया गया। वहीं पंचायत सेवकों और ग्राम रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि मनरेगा के तहत सभी कल्याणकारी योजनाएं जो कार्य लंबित हैं, उसे यथाशीघ्र पूरा करें। साथ ही पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रोजेक्ट प्लस टू विद्यालय बड़कियारी में स्मार्ट क्लास रूम का भी निरीक्षण किया गया।इस संबंध में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में जितनी भी विकास योजनाएं चल रही हैं, उसमें विकास कार्य गति लाने के लिए सभी कर्मचारियों और अभियंताओं को निर्देश किया गया है। गांव-गांव में जाकर वे स्वयं योजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। ताकि योजनाएं शत प्रतिशत पूरी हो। इसका प्रयास किया जा रहा है।

संपादकीय

## अंतरिक्ष से लौटा 'लाल'

वे कितने अद्भुत, अव्यक्त, बेहद भावुक और भयभीत पल थे, जब शुभांशु शुक्ला और उनके तीन सहयात्री अंतरिक्ष से पृथ्वी की ओर लौट रहे थे। बीच में कुछ मिनट का ऐसा फासला आता है, जब सब कुछ 'शून्य' होता है। कोई संचार और संवाद नहीं। बाहर का तापमान 1600-1700 डिग्री सेल्सियस। अंतरिक्ष और धरती के वायुमंडल के बीच की कशमकश...। जीवन और मौत के बीच के वे क्षण...! उस सन्नाटे और आग के बड़े गोले को पार कर जब अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं, तो उससे बड़ी जीत और बेपनाह खुशी का एहसास और क्या हो सकता है! शुभांशु की मां ने भावुकता में ठीक ही कहा है कि उनका बेटा दूसरा जन्म लेकर लौटा है। बहरहाल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सर्वप्रथम भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं, जो अंतरिक्ष स्टेशन के भीतर गए और 18 सफल दिनों का अपना मिशन संपन्न कर लौटे हैं। बेशक उनसे पहले 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले प्रथम भारतीय थे, लेकिन उनका दल पृथ्वी के ही चक्कर काटता रहा। अंतरिक्ष स्टेशन की तब व्यवस्था नहीं थी। इस बार शुभांशु और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी के 322 फेरे लगाए और अंतरिक्ष स्टेशन की गति 28,000 किमी प्रति घंटा रही। कुल यात्रा करीब 1.40 करोड़ किमी की रही। यह यात्रा इतनी ब्रह्मांडीय थी कि एक यात्री चंद्रमा पर 35 बार आ-जा सकता था। यकीनन यह अकल्पनीय कीर्तिमान है और नया इतिहास है। इस अंतरिक्ष मिशन ने शुभांशु शुक्ला को 'अवतारी पुरुष' बना दिया है। अंतरिक्ष में जब भी मानव-जीवन संभव होगा या वनस्पतियां उगने लगेंगी। ऑक्सीजन का पर्यावरण होगा और जल के स्रोत मिल जाएंगे, तब पीढियां उन अदम्य साहसी और सुदृढ़ मानसिक शक्ति वाले चेहरों को याद करेंगी, जिन्होंने अंतरिक्ष में आकर जीवनोपयोगी स्थितियों की बुनियाद रखी। शुभांशु ने अंतरिक्ष में 7 अति महत्वपूर्ण, बेशकीमती प्रयोग किए, हालांकि पूरी टीम को 60 प्रयोग करने थे। 'भारत के लाल' ने मेथी और मूंग के बीजों को अंकुरित किया, जो अंतरिक्ष में पोषण और खाद्य सुरक्षा की दिशा में 'भोजन' साबित हो सकते हैं। अंतरिक्ष में सूक्ष्म जीवों के जीवन, पुनर्जीवन, प्रजनन और जीन परिवर्तनों पर प्रयोग किया। अंतरिक्ष में बीजों की वृद्धि और प्रतिक्रिया का भी अध्ययन किया। भविष्य में अंतरिक्ष मिशन के लिए ऑक्सीजन, बॉयोफ्यूल के स्रोत के तौर पर माइक्रोएल्गी का भी अध्ययन किया गया। अंतरिक्ष उड़ान के दौरान आंखों की गति और समन्वय पर असर को समझने का प्रयोग किया। दिमाग के रक्त-प्रवाह पर फोकस किया गया, जिससे सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण और उच्च स्तर की कार्बन डाइऑक्साइड के असर को जानने का प्रयास किया गया। अंतरिक्ष में मानव मांसपेशियों, हड्डियों पर अंतरिक्ष के प्रभावों की भी जांच की गई। यह अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चूंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण नगण्य होता है, लिहाजा यात्री की मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। लौटने पर वह अपने पांव पर खड़ा होने और चलने में असमर्थ-सा रहता है। यह यात्रा 18 दिन की ही थी, लिहाजा यात्रियों पर इतने गहरे प्रभाव न पड़े हों, लेकिन फिर भी उनका पुनर्वास किया जा रहा है। उनकी पूरी तरह मेडिकल जांच होगी, इलाज किए जाएंगे, ताकि वे नए सिरे से पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुसार ढल सकें। अंतरिक्ष टीम ने 'एक्वायर्ड इक्विवेलेंस टेस्ट' नामक एक मानसिक प्रयोग में भी भाग लिया, जो अंतरिक्ष में रहने की क्षमता को मापता है। यकीनन शुभांशु के जरिए यह भारत की 'अपवादीय उपलब्धि' है। अंतरिक्ष विज्ञान का जो भारतीय इतिहास लिखा जा रहा है, यह यात्रा उसका प्रथम अध्याय है, लिहाजा अभी बहुत दूर जाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है कि शुभांशु के इस मिशन ने एक अरब सपनों को प्रेरणा दी है। बेशक यह भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की दिशा में 'मील का पत्थर' है। शुभांशु के अनुभव और प्रयोगों से बहुत मदद मिलेगी।


जीवन और मौत के बीच के वे क्षण...! उस सन्नाटे और आग के बड़े गोले को पार कर जब अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं, तो उससे बड़ी जीत और बेपनाह खुशी का एहसास और क्या हो सकता है! शुभांशु की मां ने भावुकता में ठीक ही कहा है कि उनका बेटा दूसरा जन्म लेकर लौटा है। बहरहाल ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सर्वप्रथम भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं, जो अंतरिक्ष स्टेशन के भीतर गए और 18 सफल दिनों का अपना मिशन संपन्न कर लौटे हैं। बेशक उनसे पहले 1984 में राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले प्रथम भारतीय थे, लेकिन उनका दल पृथ्वी के ही चक्कर काटता रहा। अंतरिक्ष स्टेशन की तब व्यवस्था नहीं थी। इस बार शुभांशु और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी के 322 फेरे लगाए और अंतरिक्ष स्टेशन की गति 28,000 किमी प्रति घंटा रही। कुल यात्रा करीब 1.40 करोड़ किमी की रही। यह यात्रा इतनी ब्रह्मांडीय थी कि एक यात्री चंद्रमा पर 35 बार आ-जा सकता था।


### विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है

## समानता रिपोर्ट में बेहतरी की ओर भारत

उमेश चतुर्वेदी

इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस


भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे।




देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। जिनके जरिए ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है। विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है। भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इन योजनाओं के जरिए लोगों तक आर्थिक पहुंच में सुधार करना, राज्य की ओर से दिए जा रहे कल्याणकारी फायदों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और इस पूरी प्रक्रिया में समाज के कमज़ोर और कमजोर प्रतिनिधित्व वाले समूहों का सहयोग करना है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। तीन जुलाई, 2025 तक देश के 142 करोड़ से अधिक लोगों के आधार कार्ड जारी किए जा चुके थे। राज्य के कल्याणकारी योजनाओं का भुगतान और सब्सिडी आदि को अब सीधे लोगों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। इसकी वजह से देश की बचत बढ़ी है। एक आंकड़े के अनुसार, मार्च 2023 तक देश की संचयी बचत ₹3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी थी। जाहिर है कि इनमें से ज्यादातर लोगों का पैसा प्रत्यक्ष और सीधे खातों तक वित्तीय मदद पहुंच रहा है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रूपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। जिसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना शुरू की जा चुकी है, चाहे उनकी आय जो भी हो। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रूपए तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रूपए दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है। भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। मुफ़्त मिल रहे खाद्यान्न का उद्देश्य है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखे पेट ना सोए। भारत में गरीबी कम करने में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का भी अपना विशेष योगदान मान सकते हैं। इसके तहत पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों बिना किसी जमानत के ऋण, टूलकिट, डिजिटल प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहायता दिए जा रहे हैं। इस साल जुलाई के पहले सप्ताह तक इस योजना के तहत 29.95 लाख व्यक्तियों को फायदा मिल चुका है। इससे शहरी और ग्रामीण, दोनों तरह की गरीबी दूर करनें में मदद मिली है। इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 फीसद % हिस्सा है।

देश दुनीया से

## कुदरती आपदा में हमारी जिम्मेवारी व समाधान

जिला मंडी में आई आपदा ने पूरे प्रदेश को दर्द और पीड़ा में डुबो दिया है। बाढ़ पीड़ितों का दर्द देखा नहीं जा रहा। हर व्यक्ति अपने सामथ्र्य के अनुसार तन, मन और धन से उनका दर्द बांटने में लगा है। प्रकृति के कहर से अपनों को खोने के जख्म तो शायद ही कभी भर पाएंगे, परंतु जीवन को पटरी पर लाने के लिए भी कम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। यही अनुकूल समय है जब मंदिरों, मठों के खजाने का मुंह आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए खोल दिया जाना चाहिए। आस्था के धन का मानवता के उद्धार के लिए प्रयोग हो, इससे बढिया मंदिरों के धन का सदुपयोग क्या हो सकता है? पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आपदा से लेकर अब तक निरंतर आपदा प्रभावित लोगों से मिल रहे हैं, उन्हें हौसला दे रहे हैं। प्रशासन पूरी लगन से कार्य कर रहा है। पत्रकार बंधु अपनी जान जोखिम में डाल कर पल-पल की खबर सब तक पहुंचा रहे हैं। कुल मिलाकर स्थिति बहुत ही भयानक और दर्दनाक है। कहने में कोई संकोच नहीं कि अभी बरसात का मौसम बहुत लंबा चलेगा। पहाड़ सुरक्षित नहीं रहे, अब कौन जाने कब क्या हो? बारिश के मौसम में पूरे प्रदेश के बहुत से स्थानों पर घरों में दरारों का आना, जमीन का धंसना, पहाड़ों से मलबा गिरना जैसे समाचार अखबारों की सुर्खियां बन लोगों को चिंता में डाल कर बेचैन कर जाते हैं। परंतु प्रदेश की ऐसी स्थिति हुई क्यों, यह सोचना होगा। क्या पर्यावरण से छेड़छाड़ या शासकीय प्रशासकीय और राजनीतिक भ्रष्टाचार का नतीजा है यह सब? क्या मानव के लालच के आगे घुटने टेकती प्रकृति का प्रतिशोध माना जाए इसे या नदी-नालों का मार्ग अवरुद्ध कर घर बनाने का दुस्साहस कहें इसे? विकास को गति देती हमारी व्यवस्था में बैठे काले नागराजों की धृष्टता समझें इसे या अपरिपक्व एवं भ्रष्ट ठेकेदारों की अवैज्ञानिक ढंग से पहाड़ों के सीने



पर चलाई गई पोकलेन का नतीजा समझें? जिस प्रकार बाढ़ पीड़ितों का दुख बांटने के लिए हम एकजुट हुए, क्या उसी प्रकार पर्यावरण को बचाने के लिए हम एकजुट नहीं हो सकते? हम आपदा आने ही क्यों देते हैं? क्या हम आपदा को रोक नहीं सकते? सरकारों के अप्रिय फैसलों के खिलाफ हम अकेले-अकेले संघर्ष करने को बाध्य क्यों हैं? आज बिजली महादेव को रोपवे बनाने के खिलाफ वहां के लोग अकेले विरोध कर रहे हैं, हम सब प्रदेशवासी उनका साथ क्यों नहीं दे सकते? हम उनकी आवाज में अपनी आवाज क्यों मिला नहीं सकते? वो अपने देवस्थल को बचाना चाहते हैं, अस्था पर पर्यटन की छाया नहीं पडऩे देना चाहते, पेड़ों को कटने नहीं देना चाहते, पर्यावरण को बचाना चाहते हैं, तो इसमें गलत क्या है? हर बड़े प्रोजेक्ट के पीछे कुछ प्रभावशाली लोगों के स्वार्थ छुपे होते हैं, क्यों यह समझ नहीं पाते हम? पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की जमीन पर टूरिज्म विलेज का विरोध बस कुछ एक लोगों ने किया, क्यों सब साथ में नहीं चले? क्यों हम नहीं समझ पाते कि मौजूदा व्यवस्था में हमारी चुनी हुई सरकारों और हमारे चुने हुए गलत नुमाइंदों का अब सामाजिक कार्य की दृष्टि से आम जनता के उत्थान से कोई सरोकार नहीं रहा है। वो केवल अपने एवं अपने चेलों चांटों के घर भरने और सत्ता का मजा लूटने आते हैं। भू-माफिया, खनन माफिया, नशा माफिया, कोई बाहरी लोग नहीं होते, उनका सत्ता से गहरा नाता होता है, सत्ता आए या जाए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, हर सरकार में वो अपनी गोटियां फिट कर लेते हैं, यही कारण है कि आज तक अवैध खनन बंद नहीं हुआ क्योंकि हमारे नुमाइंदों को महंगे उपहार एवं नकदी इस माफिया से मिलती रहती है। लेकिन इस खनन का खामियाजा आम, गरीब और बेकसूर जनता को भुगतना पड़ता है। वर्ष 2023 की बरसात में जिला कांगड़ा के सुलाह एवं जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्रों में जमीन का धंसना और लोगों के घरों का जमींदोज होना आज तक कोई समझ नहीं पाया। यही वो क्षेत्र हैं जहां पिछले कई वर्षों से लगातार अवैध खनन हो रहा है जिसे रोक पाना किसी भी सरकार के वश में नहीं रहा अब तक, लेकिन क्यों? भ्रष्ट व्यवस्था से लडऩा आम आदमी के बस में नहीं, वो तो केवल अपनी बेबसी पर मात्र आंसू बहा सकता है। जलवायु परिवर्तन से पूरी दुनिया जूझ रही है, समय-समय पर संगोष्ठियां और चिंतन होते रहते हैं, परंतु कारगर कदम सरकारों द्वारा उठाए नहीं जाते, न ही आम आदमी जलवायु परिवर्तन के प्रति सचेत है। आय बढ़ाने के विभिन्न स्रोतों की तरफ ध्यान तो है, परंतु दुष्परिणामों की किसी को कोई चिंता नहीं। इसी कड़ी में सरकारें पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा दे तो रही हैं, परंतु सोचना यह भी होगा कि प्रदेश की कुल जनसंख्या में से कितने प्रतिशत लोग इस व्यवसाय से लाभान्वित हो रहे हैं और वो कौन लोग हैं? ऐसे लोग राजनीति के कितने करीब हैं और टूरिज्म इंडस्ट्री से सरकार की कुल जीडीपी में कितने प्रतिशत की हिस्सेदारी है? अब उन लोगों के विषय में भी सोचना होगा जिन्हें टूरिज्म इंडस्ट्री से पर्यावरण को हुए नुकसान का खामियाजा भुगतना पड़ा और अपना घर-बार, खेत-खलिहान, संपत्ति, सब गंवाना पड़ा।

आप का नजरीया

## घायल पांव, सफर इक त्रासदी

एक ओर हिमाचल त्रासदी की खुली किताब अब दर्द बता रही है, तो दूसरी तरफ केंद्र से राहत का चैप्टर खोलने का अनुनय-विनय जारी है। कम से कम मंडी त्रासदी में अगर सबसे पहले डूबे हैं, तो वे सारे चुनावी घोषणा-पत्र, जो हिमाचल को दिल से लगाते हुए बताते रहे कि किस तरह काम आएंगे, लेकिन बाढ़ के बाद पत्थरों पर चलना अब हमारी मजबूरी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू अपने साथ आपदा के सारे अध्याय लेकर दिल्ली गए, तो मुलाकातों के मर्म में एक दुहाई देखी गई। एक साथ कई दरबार और दस्तक करती हिमाचल सरकार। सुनें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी कि पहाड़ ने देश को पानी भेजते-भेजते अपने कलेजे पर कितने वार कर लिए। एक पहाड़ी और प्रगतिशील राज्य की कितनी मीनारें गिरी और कांच के कवच में बैठी खुशहाली छिन्न-भिन्न हो गई। यह पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के पांव बता रहे हैं कि राहत का कितना सफर बाकी है। सुक्खू को सुनें या न सुनें, सुनाने के लिए जयराम ठाकुर के प्रयास केंद्र तक पहुंचने चाहिएं। भाजपा के राष्ट्राध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से बाढग़्रस्त क्षेत्रों की आहों की अरदास सुनी जानी चाहिए। एक बहुत बड़ा इलाका जिंदगी और देश से कटा है। वहां कटे-फटे हजारों किस्से मिलेंगे, इस खंडहर में अभी दर्द बाकी है। इसलिए अमित शाह चाहें तो नड्डा और जयराम ठाकुर से पूछ कर एहसास कर लें या सीधे राज्य सरकार की दरख्वास्त पर एहतराम कर लें। नदियां पूजने वाला देश, पानी में गंगाजल ढूंढने वाला देश, ब्यास नदी में तैरते शवों से पूछ ले कि उनकी मौत ने कितने असहाय पल देखे। अभी शवों की खोज में त्रासदी का यथार्थ पीछा कर रहा है, यह आग चिता की नहीं, कहीं किसी का रिश्ता, कहीं किसी का दिल जल रहा है। हिमाचल वर्षों से आपदा के सिंहासन पर बैठा राष्ट्रीय नीतियों और प्राथमिकताओं से जूझ रहा है। इसलिए जब कभी मौका मिलता है, प्रदेश की आर्थिक वकालत में दर्द का हर तर्क गुजारिश करता है। अब आशाओं के पुष्प अगर 16वें वित्तायोग से नजर आते हैं, तो राजस्व घाटा अनुदान जारी रखने की वजह ऐसी त्रासदियों में देखी जाए। अगर फिर से सराज विधानसभा में जयराम ठाकुर की आंखों में सपने देखने हैं, तो 16वें वित्तायोग के अध्यक्ष डा. अरविंद पनगढिया को पहाड़ के मजमून बताने पड़ेंगे। पहाड़ अपने व्यवहार में पहाड़ है, इसलिए जीने का हर लम्हा मोहलत है। पर्यावरण के नाम पर तमाम बंदिशें और जीने के नाम देश का स्पर्श उधार का। चंद दिनों में बरसात ने हजार करोड़ का विकास, जीने का आकाश और आगे बढऩे का प्रयास छीन लिया, तो हम कितनी बार लौटकर अपनी आर्थिक शून्यता से लड़ते रहेंगे। पहाड़ को एकमुश्त योजनाएं-परियोजनाएं चाहिएं, जो सिर्फ पहाड़ का नेतृत्व करें। केंद्र में पहाड़ को देखने का सामथ्र्य तब होगा, जब एक अलग से पर्वतीय विकास मंत्रालय होगा। हमें मैदानी इलाकों का आर्थिक वायुमंडल नहीं मिला और न जीवन और जमीन का संतुलन मिला है, लिहाजा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के बजाय पर्वतीय विमर्श की एक नई पहचान चाहिए। कनेक्टिविटी के सारे रास्ते नितिन गडकरी से जुड़ते हैं। केंद्रीय मंत्री गडकरी की हर घोषणा हिमाचल को उपहार बन कर मिली है और यही वजह है कि फोरलेन में त्रासदी के बावजूद गुजर जाने का रास्ता मिल रहा है, लेकिन सत्य यह भी है कि मंडी के एक रोपवे ने पूरे सराज की बाहों में मदद का जोश भर दिया। ऐसे में कनेक्टिविटी के अगले चरण में रज्जुमार्गों का एक ऐसा नक्शा चाहिए, जो हमारी सामाजिक व आर्थिक धडक़नों को जोड़े रखे। इसी परिप्रेक्ष्य में कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के साथ-साथ हेलिपोर्ट विकास की गाथा से पर्वतीय दुरुहता को उडऩे के लिए पंख मिलेंगे। जाहिर तौर पर आज हिमाचल जहां खड़ा या पहुंचा है, वहां विकास का एक चरण, एक अध्याय पूरा हो चुका है। अब भविष्य की नई चुनौतियों के बीच उभरा यह दर्द, हमारे अस्तित्व की परिभाषा बदल रहा है। इसी दर्द के शब्द अब केंद्र को सुनकर, इनका अर्थ समझते हुए हिमाचल को नई प्राथमिकताओं और मदद की रियायतों से जोडऩा होगा।


मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू अपने साथ आपदा के सारे अध्याय लेकर दिल्ली गए, तो मुलाकातों के मर्म में एक दुहाई देखी गई। एक साथ कई दरबार और दस्तक करती हिमाचल सरकार। सुनें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी कि पहाड़ ने देश को पानी भेजते-भेजते अपने कलेजे पर कितने वार कर लिए। एक पहाड़ी और प्रगतिशील राज्य की कितनी मीनारें गिरी और कांच के कवच में बैठी खुशहाली छिन्न-भिन्न हो गई।


कुछ अलग

## अधूरा जवाब

अधूरा जवाब पेट्रोलियम एवं प्रावृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने बृहस्पतिवार को हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में दो टूक कहा कि रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति पर अमेरिकी प्रातिबंधों की धमकी को भारत गंभीरता से लेता ही नहीं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा था कि भारत सहित जो देश रूस से कच्चा तेल खरीदते हैं उनके खिलाफ वह ज्यादा टैरिफ लगा देंगे जिसे दूसरे शब्दों में अमेरिका प्रातिबंध की धमकी देता है। पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने स्पष्ट करते हुए कि भारत के लिए कच्चे तेल का टोटा नहीं है। भारत पहले 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था तब वह रूस से अपने वुल आयातित तेल का 2 प्रातिशत मात्र कच्चा तेल आयात करता था। आज स्थिति बदल गई है। भारत वुल 40 देशों से तेल खरीदता है। रही बात रूस से तेल आयात करने की तो फरवरी 2022 में रूस यूव्रोन युद्ध के बाद जब यूरोपीय देशों ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया तो भारत ने रूस से 40 प्रातिशत तेल खरीदना शुरू कर दिया। कहने का मतलब यह है कि हरदीप पुरी ने यह स्पष्ट किया कि यदि भारत ने अमेरिकी टैरिफ टेरर से बचने के लिए रूस से कच्चा तेल आयात करना बंद कर भी दिया तो देश की ऊर्जा व्यवस्था को कोई क्षति नहीं होगी।

दृष्टि कोण

## पारिवारिक तनाव का समाधान कैसे हो?

मनोविज्ञान से जुड़ी अनेक रिपोट्र्स बता रही हैं कि पारिवारिक परेशानियों के कारण देश में आत्महत्याओं की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह एक बड़ा सामाजिक सरोकार है। आइए, इस बिंदु को खंगालें और कुछ हल टटोलें। हर दूसरे, तीसरे व्यक्ति में, पारिवारिक टेंशन, यानी कि पारिवारिक तनाव आजकल उफान पर है, यह एक ज्वलंत सामाजिक चिंता का बिंदु है। इससे परिवार के सभी सदस्य प्रभावित हो जाते हैं। क्यों बढ़ रहे हैं आजकल पारिवारिक तनाव, यह अपने आप में एक बहुत बड़ा सामाजिक सरोकार है। पारिवारिक तनाव परिवार के किसी एक या ज्यादा सदस्य को होने वाला तनाव होता है। आजकल यह तनाव परिवार के सदस्यों के बीच के भावनात्मक संबंधों, मनोदशा, कल्याण और पारिवारिक संबंधों को प्रभावित कर रहा है, और परिवारों को बिखेर रहा है। यूं तो परिवार के सदस्यों के बीच में नोकझोंक होना आम बात है, परंतु यदि यह नोकझोंक लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह विवाद में बदल जाती है, जिसकी वजह से बेहद करीबी लोग भी एक-दूसरे से दूर हो जाते हैं। इसका हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर बेहद नकारात्मक असर पड़ता है। पारिवारिक विवाद बच्चों के मानसिक विकास में रुकावट डालने के साथ-साथ घर के बड़ों के लिए भी बेहद नकारात्मक रूप से कार्य करता है। हमारे आसपास यही कुछ देखने में विदित हो रहा है। पारिवारिक टेंशन यानी तनाव को काबू करना आसान काम नहीं होता है, पर बावजूद इसके, यदि आपके घर में लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा है और परिवार के सदस्यों को डील करना आपके लिए मुश्किल होता जा रहा है, तो इस स्थिति में खुद के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने की जगह अपनी भावनाओं को प्राथमिकता देना सीखें। समझें कि कौनसी स्थिति, आपको तनाव दे रही है, यदि बात अधिक बिगड़ती जा रही है तो इस स्थिति में खुद को प्राथमिकता दें। इन मामलों से खुद को कुछ



समय के लिए दूर कर लें, जब मन शांत हो तो शांति से लोगों से बातचीत करें और मसले का हल निकालने की कोशिश करें। यदि आप हर वक्त परिवार में चल रहे विवाद को सुलझाने की कोशिश करते रहते हैं, तो इसका आपके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ चीजें समय के साथ खुद ठीक हो जाती हैं, साथ ही अन्य लोगों को भी चीजों को सही करने का मौका देना चाहिए। हमेशा सलाह देने और किसी काम को करने के लिए लोगों पर दबाव बनाने से आपकी मानसिक स्थिति भी खराब होती है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि खुद को मानसिक रूप से शांत रखने के लिए परिवार के सदस्यों से बेवजह की उम्मीद रखने से बेहतर है, चीजों को स्वीकार करें, यह जरूरी नहीं है कि परिवार के सभी सदस्य आपके विचार से सहमत हों, ऐसे में चल रहे पारिवारिक विवाद के बीच अपनी बात को मनवाने के लिए विवाद को बढ़ावा न दें। दूसरों के विचारों को समझें और उसे अपनाएं। ऐसा करने से लोग आपकी लिए गए निर्णय को भी वैल्यू करेंगे और परिवार में नोकझोंक भी कम होगी। यदि आपके घर में पैसे से जुड़े मुद्दों को लेकर बात-विवाद चल रहा है या किसी प्रकार के अन्य संवेदनशील मुद्दे पर, तो इस स्थिति में विवादित मुद्दों पर बार-बार चर्चा न करें। क्योंकि ऐसा करने से घरेलू मतभेद अधिक बढ़ सकता है, जिससे केवल दूसरे लोग परेशान नहीं होंगे, बल्कि यह आपको भी पूरी तरह से बेकाबू कर देगा।

# शहर में जमीन फ्लैट खरीदना होगा महंगा, अगस्त से लागू होगा नया वैल्यूएशन दर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** शहरी क्षेत्र में 1 अगस्त से जमीन और फ्लैट खरीदना 10 प्रतिशत तक महंगा हो जाएगा। जिला निबंधन कार्यालय सरकारी खजाने में बढ़ोतरी की तैयारी कर रही है और विभाग को प्रस्ताव भी भेज दिया है। अगर आप भी पाकुड़ शहरी क्षेत्र में जमीन या फ्लैट खरीदने की योजना बना रहे हैं तो 31 जुलाई 2025 तक इसकी रजिस्ट्री करा लें। आगामी 01 अगस्त 2025 से पाकुड़ शहर में जमीन-फ्लैट खरीदना महंगा हो जाएगा। जमीन में 10 से 20 प्रतिशत एवं फ्लैट तथा मकान में 10 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी हो जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक 1 अगस्त से शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में जमीन व फ्लैट का नया सरकारी वैल्यूएशन दर लागू होगा। शहरी क्षेत्र में जमीन में 10 से 20 प्रतिशत एवं फ्लैट तथा मकान में 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी होने जा रही है।

जिला निबंधन विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। उपायुक्त ने इस प्रस्ताव की मंजूरी कर ली है और राज्य सरकार के राजस्व विभाग को भेजा गया है। वहां से मंजूरी लेकर 1 अगस्त से इसे पाकुड़ शहर के लिए दर लागू कर दिया जाएगा।

# राजमहल विधायक एमटी राजा ने किया अनुमंडलीय अस्पताल में महिला इमरजेंसी वार्ड व लैब का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजमहल :** राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा, एसडीओ सदानंद महतो व अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू ने संयुक्त रूप से नई महिला इमरजेंसी वार्ड व विभिन्न नई जांच की सुविधा के साथ लैब का उद्घाटन किए। इस दौरान विधायक ने कहा कि राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल में महिलाओं के लिए अलग इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। ताकि महिलाओं को सुविधा मिल सके। साथ ही 43 तरह के बीमारियों से जुड़ी रक्त जांच अनुमंडलीय अस्पताल में शुरू हुई। जिसके लिए मशीन लग चुकी है। उसका भी विधिवत उद्घाटन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से हीमोग्लोबिन, सीबीसी, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर, एसजीपीटी, एसजीओटी, यूरिया सीरम, सीरम क्रिएटिनिन, यूरिक एसिड, कोलेस्ट्रॉल, थायराइड, कैल्शियम, आयरन, वीआरएल, प्रेगनेंसी टेस्ट, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी सहित अन्य जांच शामिल है। बुधवार को प्रथम मरीज के रूप में महिला वार्ड में नया बाजार की अमृता सिन्हा इमरजेंसी में भर्ती हुई। जिसका इलाज राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों के माध्यम से किया गया। विधायक ने सभी आमजन को संदेश देते हुए कहा कि राजमहल अस्पताल में चिकित्सकीयान सुविधा में सुधार लगातार हो रही है और आगे भी होगी चिकित्सक की कमी को दूर करने के लिए लगातार मांग भी की गई है। एसडीओ सदानंद महतो ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टर अपने कर्तव्य का ईमानदारी पूर्वक अगर निर्वाह कर रहे हैं तो कोई भी असामाजिक तत्व की करतूत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधि व्यवस्था को हाथ में लेने वाले पर विधि सम्मत कार्रवाई होगी। मौके पर नगर अध्यक्ष मो आजाद, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान,नगर सचिव स्मिथ चौरसिया सहित मौजूद थे।





# नजरी नक्शा तैयार करने में तेजी लाने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने नजरी नक्शा तैयार करने में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि एईआरओ बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर द्वारा समर्पित नजरी नक्शा का क्षेत्र भ्रमण कर उसका सत्यापन करेंगे तथा पाई जा रही अशुद्धियों को अविलंब दूर करेंगे।

साथ ही निर्देश दिया कि लंबित सभी प्रपत्रों को नियमानुसार निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को राजनीतिक दलों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया।

# सीएस ने सीएचसी का किया निरीक्षण, मरीजों को बेहतर इलाज का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** सिविल सर्जन सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नवनिर्मित 50 बेड वाले अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल के सामने छुटे हुए कार्यों को संवेदक को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीएस ने ओटी, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र का भी जायजा लिया। वहां तैनात स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की जांच कर उससे जरुरी जानकारी ली। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई देख काफी संतुष्ट हुए। उन्होंने कार्यालय कक्ष में सभी चिकित्सक, क्लर्क, कंप्यूटर आपरेटर्स एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में जानकारी हासिल की। सीएस ने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों को सारी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके लिए सरकार के द्वारा स्वास्थ विभाग के जितने भी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, उसको सुदृढ़ करते हुए दूर दराज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी लाना है। उन्होंने बताया कि झारखंड में गुड सेमेरिटन पालिसी लागू है, जिसका उद्देश्य सड़क हादसे में घायल गोल्डन आवर में अस्पताल तक पहुंचाने वाले मददगारों को सम्मान के साथ आर्थिक लाभ देना है, जिससे घायलों की समय रहते जान बचाने में सफलता मिल सके। सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों की मदद करने वालों व इलाज के लिए समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले गुड सेमेरिटन को जिला प्रशासन उसे पुरस्कार देगी। साथ ही गुड सेमेरिटंस का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से दिशा निर्देश जारी कर दिया है।

ज्ञात हो कि सड़क दुर्घटना के बाद अगर घायलों को समय से अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो बड़ी संख्या में लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसी के तहत राज्य सरकार ने यह फैसला लिया है। सड़क दुर्घटनाओं में घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को गुड सेमेरिटंस योजना के तहत इनाम दी जाएगी। मौके पर डॉ मंजर आलम, डॉ गंगा शंकर साह, डॉ प्रीतम कुमारी, बीपीएम प्रभात दास,नित्य कुमार पाल,जोगेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# मुखिया ने कार्यकारिणी की बैठक में की विकास योजनाओं की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**पाकुड़िया :** प्रखंड क्षेत्र के पाकुड़िया पंचायत भवन में आयोजित पंचायत कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को मुखिया अनिता सोरेन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा की गई।

पंचायत के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए मुखिया अनिता सोरेन ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए सरकार के द्वारा वर्तमान में चल रही योजनाओं को शीघ्रता के साथ पुरा किया जाय। ताकि उसके पुरा होने के बाद पंचायत में विकास की गति को बढ़ावा मिले। पंचायत में मनरेगा एवं 15वें वित्त की कई नई योजनाओं के बारे में चर्चा की गई।

बैठक में उप मुखिया सफेजुन बीबी, वार्ड सदस्य जयदेव साहू, अनिता देवी, नियती देवी, सबिता राय, पंचायत सचिव अनिल शर्मा, रोजगार सेवक बहामुनि मरांडी, हिरदयानांद भगत, प्रदीप भगत सहित पंचायत के सम्मानित गण भी उपस्थित थे।

# गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत ने साहिबगंज से भागलपुर नई दो पैसेंजर ट्रेन चलाने का दिया भरोसा : अमित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दूबे के नई दिल्ली स्थित आवास पर भाजपा नेता अमित सिंह ने मुलाकात कर मालदा-गोमतीनगर भाया साहिबगंज अमृत भारत ट्रेन देने के लिए पूरे साहिबगंज की आम जनता की तरफ से हार्दिक आभार जताया। इसपर सांसद डॉ निशिकांत दूबे ने कहा कि संताल परगना को विकसित संताल परगना बनाना ही लक्ष्य है। इस दौरान अमित सिंह ने साहिबगंज की जनता की तरफ से साहिबगंज से भागलपुर दो नई पैसेंजर ट्रेन देने का आग्रह किया,जो कि एक साहिबगंज से 10 बजे के आसपास खुले और दूसरा 11¬30 के आसपास खुले। वही सांसद ने कहा कि दोनों पैसेंजर ट्रेन खुलवाने का पूरा प्रयास करेंगे। इससे बिहार के कहलगांव, पीरपैंती, विक्रमशिला के यात्रियों को भी सहूलियत होगी। भागलपुर से हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस या वन्दे भारत भाया साहिबगंज,फरक्का एक्सप्रेस में एचओ कोटा फिर से शुरू करने का पूरा आश्वाशन दिया। अमित सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दूबे के प्रयास से अपना संताल परगना विकसित संताल परगना बनेगा। इसके लिए हमारे संताल परगना के विकास पुरुष गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे काफी प्रयास कर रहें हैं।

# आयुष शिविर में 113 लोगों का स्वास्थ्य जांच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** पाकुड़ कोर्ट परिसर, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बड़ाघघरी एवं सावलापुर में आयुष विभाग की ओर से मंगलवार को आयुष कैंप लगाया गया।

जिसमें कुल 113 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ अबु तालिब शेख, डॉ सौरभ विश्वास, डॉ अफरोज आलम, डॉ प्रेम प्रकाश ने बताया कि इस कैंप में रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।

# आयुष चिकित्सा की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने बुधवार को जिला आयुष समिति की बैठक की।बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि जिले के सभी आयुष स्वास्थ्य केंद्र में आयुष चिकित्सा की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समुचित तरीके से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करें। ताकि अधिक से अधिक जनसमूह लाभान्वित हो सके। आयुष चिकित्सकों और योग प्रशिक्षकों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले में कार्यरत सभी योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति, कार्य विवरण और गतिविधियों की निगरानी नियमित रूप से करना सुनिश्चित करें। प्रत्येक प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों (विद्यालय, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन आदि) पर योग सत्र आयोजित करने हेतु निर्देशित किया। योग प्रशिक्षकों को समय-समय पर पुनः प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। योग सत्रों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, पोषण और जीवनशैली से जुड़ी जानकारी भी दी जाएगी। महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, किशोरों तथा दिव्यांगजनों के लिए विशेष योग सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में योग की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु प्रचार- प्रसार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आयुष पदाधिकारी डॉ विपिन चंद्र गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ सुजीत कुमार, डॉ कुलेश एवं डॉ अबू तालिब शेख मौजूद थे।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अग्निशमन ने दी आग से बचाव पर प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरहरवा :** बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अग्निशमन विभाग के सौजन्य से आग से सुरक्षा एवं अग्निकांड की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया हेतु एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपायों की जानकारी देना तथा फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशामक यंत्र) के सही उपयोग की विधि को समझाना था। कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा सीएचसी बरहरवा के सभी चिकित्साकर्मी, नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन तथा अन्य कर्मियों को वास्तविक परिदृश्य के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों की कार्यप्रणाली, उनके रख-रखाव तथा आपातकालीन स्थिति में संयम एवं तत्परता से कार्य करने की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बताया गया। वहीं डॉ. पंकज कर्मकार ने इस प्रशिक्षण के आयोजन के लिए अग्निशमन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल जैसे संस्थान में अग्नि सुरक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है और इस प्रकार का प्रशिक्षण कर्मियों की जागरूकता और आपदा प्रबंधन क्षमता को सुदृढ़ करता हैं। उक्त मौके पर बीपीएम दिनेश कुमार एवं नर्स उपस्थित थें।



# धान रोपाई कर घर लौटने के दौरान वज्रपात से दो घायल



**महेशपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महेशपुर थाना अंतर्गत रद्दीपुर ओपी क्षेत्र के बांकुड़ा गांव में बीते मंगलवार को वज्रपात के चपेट में आने से एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों जख्मियों की पहचान 30 वर्षीय महिला मिनोती माल तथा 50 वर्षीय जानसोब शेख तथा दोनों बांकुड़ा गांव निवासी के रूप में हुई है। वहीं घटना के बाद परिजनों ने दोनों जख्मियों को प्राथमिक उपचार के लिए पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट अस्पताल ले गए। जहां डा. ने प्राथमिक उपचार कर जानसोब शेख की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोलकाता रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मिनोती माल की इलाज रामपुरहाट में ही चल रहा है। दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं परिजनों ने बताया कि दोनों खेत में धान रोपाई करने दे बाद घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बिजली की गर्जन के साथ तेज बारिश शुरू हो गई और दोनों के पास में वज्रपात हो गया। जिससे दोनों चपेट में आ गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# फुलझिंझरी पंचायत में की गई स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत



**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 की शुरुआत की गई। स्वच्छता में अव्वल रहने वाले पंचायत को मंत्रालय की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसके तहत बुधवार को स्वच्छ सर्वेक्षण टीम के द्वारा प्रखंड अंतर्गत फुलझिंझरी पंचायत के विभिन्न गांव का निरीक्षण किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण मो. मुर्तजा आलम, अरशद अंसारी द्वारा सर्वप्रथम पंचायत भवन में स्वच्छता की स्थिति, सूखा कचरा, गीला कचरा एवं दिव्यांग के लिए अलग शौचालय, भस्मक का निर्माण, कंपोस्ट पिट, सोख्ता गड्ढा, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन एवं विभिन्न गांव में व्यक्तिगत तौर पर एमआईएस के आधार पर व्यक्तिगत घरेलू शौचालय का निरीक्षण किया गया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रितेश कुमार, पंचायत के मुखिया अरविंद टुडू, पेयजल कनिय अभियंता चंदन कुमार, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित दर्जनों जलसहिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# घरेलू विवाद में महिला ने खाया कीटनाशक, मौत

❍ मामले की जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा/मेहरमा :** मुख्य मार्ग स्थित मेहरमा मुख्य चौक निवासी साजन मंडल की पत्नी आरती देवी ने घरेलू विवाद के बाद कीटनाशक दवा खा ली जिसके बाद भागलपुर के मायागंज स्थित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। वहीं बताया गया कि मृतक महिला की उम्र 27 वर्ष थी। मंगलवार को जब उसके शव को गांव लाया गया तो माहौल गमगीन हो गया। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं इस घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर के निर्देश पर सअनि बिपिन बिहारी राय एवं आर के पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे एवं कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया।वहीं घटना की सूचना पर मृतका के मायके इंग्लिश, थाना सबौर, जिला भागलपुर से उनके भाई प्रमोद कुमार तांती एवं कुलदीप कुमार तांती आए और पुलिसिया कार्रवाई में सहयोग के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु भेजे गए अपनी बहन के शव के साथ गोड्डा चले गए। उन्होंने सास द्वारा उनकी बहन को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया, जबकि स्थानीय लोगों ने इसकी पुष्टि नहीं की। ज्ञात हो कि महिला को सोमवार को चिंताजनक हालत में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। जहां उसकी नाजुक स्थिति देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया। वहां से भी उसे भागलपुर रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो कि मृतका की शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी और उसे तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। हालांकि पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है।



# खारदाह गांव के चेक डैम निर्माण में गड़बड़ी

## ग्रामीणों ने किया विरोध, मामला एनजीटी के दायरे में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा/पोड़ैयाहाट :** प्रखंड अंतर्गत खारदाह गांव में बन रहा चेक डैम अब सवालों के घेरे में है। चेक डैम के निर्माण कार्य में भारी अनियमितता को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि इस डैम के निर्माण में जमकर लापरवाही बरती जा रही है। एक तरफ जहां बरसात शुरू होते ही डैम की दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं, वहीं दूसरी ओर सीमेंट की मात्रा में भी भारी कटौती की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है, जो भविष्य में किसी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।इसके अलावा चेक डैम के पास भारी मात्रा में अवैध रूप से बालू डंप कर दिया गया है, जो खुद एनजीटी यानी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों का खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों का कहना है और न ही कोई जवाबदेही तय है। वहीं ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द इस पूरे प्रोजेक्ट की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। साथ ही एनजीटी से भी अनुरोध किया गया है कि इस निर्माण स्थल का निरीक्षण कर मानकों के उल्लंघन पर संज्ञान ले।



# मिल्लत कालेज परसा में एनईपी 2020 से संबंधित कार्यशाला संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हनवारा :** मिल्लत कॉलेज परसा में बुधवार को एनईपी 2020 से संबंधित तीसरे एवं अंतिम दिन के कार्यशाला सह काउंसेलिंग सत्र सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। जिसमें विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार एनईपी 2020 में हुए हालिया परिवर्तनों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी और छात्र- छात्राएँ सम्मिलित हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ तुषार कांत के द्वारा किया गया एवं संचालन डॉ मो जाबेद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष सह एन ई पी 2020 के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर अशरफ करीम ने कहा कि फोर ईयर अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम जिसे यूजीसी ने रेगुलेशन में तब्दील कर दिया है। बदलाव किए गए पेपर्स जैसे कि एसोसिएटेड कोर/ वोकेशनल, जो कि पहले माइनर हुआ करता था। नए जोड़े गए विषय जैसे कि इंडियन नॉलेज सिस्टम, ईएलसी अर्थात एलेक्टिव पेपर्स, मल्टीडिसिप्लिनरी पेपर्स में किए गए बदलाव, प्रैक्टिकल पेपर्स में बदलाव इत्यादि पर विस्तीर्त रूप से चर्चा किया। डॉ अभिमन्यु ने एनईपी 2020 में सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन के विषय में जानकारी दी। डॉ ब्रह्मनाथ ने एनईपी 2020 में एडमिशन और एग्जिट की बारीकीयों के बारे में बताया। प्रो विकास मुंडा ने एनईपी 2020 के क्रेडिट प्रणाली के ऊपर चर्चा किया। अंत में प्राचार्य डॉ तुषार कांत ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में एनईपी 2020 की रोजगारपरकता, प्रासंगिकता और उसके फायदों के ऊपर विशद चर्चा की तथा विद्यार्थियों के पूछे गए सवालों का जवाब दिया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो नसीम ने किया। इस मौके पर प्राचार्य के अलावा सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मियों में मो अब्दुल्ला, मो नदीम, मो खालिद, शशि तथा विद्यार्थीगण उपस्थित थे।




# मंत्री दीपिका ने किया महागामा के रेफरल अस्पताल का उद्घाटन, क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा/महागामा :** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बने रेफरल अस्पताल का ग्रामीण विकास मंत्री सह तथा महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया जहां 50 बेड वाला अत्याधुनिक अस्पताल 24 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। इस अस्पताल में क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, जिससे उनकी सेहत में सुधार होगा साथ ही लोगों को राहत भी मिलेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अस्पताल में मरीजोंको विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी जिसमें आईसीयू और एचडीयू वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, जनरल वार्ड, आधुनिक लैब, डेंटल और ऑर्थोपेडिक्स विभाग, फार्मेसी, 24 घंटे डॉक्टरों की टीम और इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर उपलब्ध है।वहीं बताया गया कि यह अस्पताल महागामा की नई पहचान बनेगा, जहां मरीजों को सुलभ और समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इससे महागामा के लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें समय पर और उचित इलाज मिल सकेगा। यह अस्पताल सरकार की प्राथमिकता को दर्शाता है कि जनता की स्वास्थ्य उनकी पहली प्राथमिकता है। इससे महागामा के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी और उनकी स्वास्थ्य में सुधार होगा। यह अस्पताल महागामा के लोगों के लिए एक बड़ा तोहफा है, जिससे उनकी सेहत और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। हमें उम्मीद है कि यह अस्पताल महागामा के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा और उनकी सेहत में सुधार करेगा।



# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा झंडोत्तोलन कार्यक्रम, मुख्य समारोह स्थल पर मंच का निर्माण, मुख्य समारोह स्थल के मंच पर बैठने की व्यवस्था, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड का प्रकाशन एवं वितरण, प्रभातफेरी, परेड का आयोजन, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास, स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद जवान के आश्रितों को सम्मानित, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित, मुख्य समारोह स्थल पर अग्निशमन की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था/ विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को इसकी तैयारी करने को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए गए।इस मौके पर एसपी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दुबे, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला परिवहन पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया, संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण सहित बीस सूत्री उपाध्यक्षा बिंदु मंडल, पोडैयाहाट विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पंडित, झामुमो जिलाध्यक्ष प्रेमनंदन मंडल, जिला कला - संस्कृति संयोजक सुरजीत झा, राष्ट्रीय विभूति मंच सचिव राजेश झा, झारखंड राज्य दिव्यांग क्रिकेट संघ के महासचिव मनीष कुमार सिंह, नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट पवन कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय नेटबॉल खिलाड़ी मोनालिसा कुमारी आदि मौजूद थे।

# डीसी द्वारा आयोजित जनता दरबार में लोगों की सुनी गई समस्या



**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से 10 लोगों ने आकर अपना आवेदन दिया। उपायुक्त के द्वारा सभी आवेदनों मे दी गई शिकायतों को बारी-बारी से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास, जमीन संबंधी विवाद, पेंशन, राशनकार्ड, बैंक लोन से संबंधित आवेदनों पर उपायुक्त के द्वारा संबंधित विभाग को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। पेंशन संबंधी मामले को उपायुक्त के द्वारा सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के अधिकारियों को निष्पादन हेतु प्रेषित किया गया।

# विद्युत उपभोग अधिभार पर चैंबर ऑफ कॉमर्स ने जताया विरोध



**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तावित झारखंड विद्युत उपभोग अधिभार नियमावली 2025 के तहत लगाए जाने वाले 5त्न अतिरिक्त विद्युत उपभोग अधिभार का कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में चैंबर के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार का आर्थिक निर्णय लेने से पहले जनता से व्यापक विचार-विमर्श और उचित आर्थिक आकलन जरूरी है।चैंबर ने सरकार से मांग की है कि इस प्रस्तावित अधिभार को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए, क्योंकि इससे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ेगा। विरोध जताने वालों में उपाध्यक्ष प्रितेश नंदन, मुकेश वर्णवाल, धर्मेंद्र गुप्ता आदि शामिल थे।

# डालसा ने वर्षों से बिछड़े दंपती को मिलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के फ्रंट आफिस में पारिवारिक वादों की सुनवाई के दौरान उभय पक्षों को समझा-बुझाकर मामले का निपटारा कराया गया। दोनों ने पिछले विवाद को भूलकर साथ- साथ रहने का संकल्प लिया। इसके बाद सुखी दाम्पत्य जीवन व्यतीत करने को लेकर विदाई दी गई। ज्ञात हो कि जिले के हनवारा थाना क्षेत्र के कुशमहरा निवासी चुनचुन शर्मा पिता खासकी शर्मा की शादी नगर थाना क्षेत्र के कदवा टोला में श्वेता कुमारी, पिता शिवनारायण शर्मा के साथ हुई थी।बीच में आपसी विवाद को लेकर पिछले दो वर्षों दांपत्य जीवन में दरार आ गई थी। पति-पत्नी दोनों अलग- अलग रह रहे थे। कुशमरा के चुनचुन शर्मा ने मध्यस्थता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के फ्रंट आफिस में सात जुलाई 25 को प्री-लिटिगेशन शिकायत दर्ज किया था। श्वेता कुमारी ने बताया कि दोनों की शादी पांच वर्ष पूर्व हुई है। बावजूद उसके साथ बराबर ससुराल वालों द्वारा मारपीट किया जाता था। इससे तंग आकर व मायके चली गई थी। अब अगस्त को खैरियत रिपोर्ट के लिए दोनों को उपस्थित होना है।अ वादों के निपटरा में डालसा की टीम में शामिल एलएडीसी अजीत कुमार, आयूष राज सहित अधिकार मित्र पूजा रानी, रोबिन यादव, नवीन कुमार, तबरेज आदि की भूमिका अहम रही।



# ईसीएल, अडानी, एनएचएआई से संबंधित कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में आधारभूत संरचना (ईसीएल/अडानी/एनएचएआई) से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा पूर्व में दिए गए दिशा- निर्देशों के अनुसार कार्यों की प्रगति जानकारी लेकर अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके क्षेत्र में चलाए जा रहे परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो रहे कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा राजमहल कोल परियोजना,ईसीएल,उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित की गई जमीन के लंबित मुआवजे के भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एफआरए, एनओसी व जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के बाद जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में जिले में संचालित आधारभूत संरचना से संबंधित कार्ययोजना बनाकर संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूर्ण किए जाए। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश कुमार जयसवाल सहित संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, रेलवे, एनटीपीसी, ईसीएल अधिकारीगण संबंधित विभागों के कर्मीगण मौजूद थे।

# सुंदर डैम बना सैलानियों का पसंदीदा ठिकाना, मानसून में निखरी प्राकृतिक छटा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोआरीजोर :** जिला का गौरव सुंदर डैम, इन दिनों अपनी नैसर्गिक खूबसूरती और लबालब पानी से सैलानियों का दिल जीत रहा है। झारखंड के अन्य जिलों से लेकर स्थानीय ग्रामीणों तक, हर कोई इस मनोरम स्थल की ओर खिंचा चला आ रहा है। बारिश के पानी से जब डैम पूरा भर गया, तब आसपास की हरियाली और झरने जैसा बहता पानी मानो जीवन में नई ताजगी भर देता है। प्राकृतिक रूप से पहाड़ियों की गोद में बसे इस स्थल की सुंदरता इस समय चरम पर है। डैम की खासियतें जो सैलानियों को आकर्षित करती हैं- प्रकृति की गोद में शांत वातावरण फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए आदर्श स्थल परिवार व दोस्तों संग पिकनिक के लिए बढ़िया जगह साफ हवा, हरियाली और जल का समागम है जो गोड्डा मुख्यालय से केवल 25 किमी की दूरी पर पर्यटन के साथ पर्यावरण की जिम्मेदारी जहां एक ओर सुंदर डैम गोड्डा की पहचान बन रहा है। सुंदर डैम को और बेहतर बनाने के लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारी शुरू कर दी है। कुछ दिनों पूर्व ही उपायुक्त अंजली यादव सहित कई वरीय पदाधिकारी ने सुंदर डैम का निरीक्षण किया था जहां उन्होंने इसके सौंदर्यीकरण को लेकर कई दिशानिर्देश जारी किए। इसके अलावा कई गाइडलाइन भी जारी किए गए हैं। पर्यावरण सुरक्षा को लेकर प्लास्टिक का प्रयोग न करें, कूड़ा-करकट इधर-उधर न फेंके और इस प्राकृतिक धरोहर को बचाने में योगदान दें। स्थानीय व्यवसाय को भी मिल रहा बढ़ावा सैलानियों की भीड़ से आसपास के दुकानदार, फोटोग्राफर, ठेला चलाने वाले और अन्य स्थानीय लोग भी खुश हैं। पर्यटन का यह विकास क्षेत्रीय रोजगार में सहायक सिद्ध हो रहा है।



# जल जीवन मिशन के तहत जीओआई टीम ने गांवों का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** भारत सरकार, जल शक्ति मंत्रालय दिल्ली, बलवान सिंह नेशनल वाश एक्सपर्ट गोड्डा जिला अंतर्गत मेहरमा प्रखंड के पंचायत सूखाड़ी के तरखरवा गांव मे जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सूखाड़ी पंचायत के मुखिया एवं ग्राम की जलसहिया सहित अन्य ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों का अवलोकन किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में निम्न बिंदुओं यथा- 15वें वित्त की निधि से प्राप्त टाइड फण्ड एवं उनका उपयोग, पाईप वाटर सप्लाई, फील्ड टेस्ट किट एफटीके के माध्यम से आशा/आंगनवाड़ी की महिला को जल जांच का प्रशिक्षण दिया गया है कि नही, प्रशिक्षित 05 महिलाओं से एफटीके से जल जांच टेस्ट, पानी समिति वीडब्लूएससी का जल कर खाता खुलवाया गया है की नही विचार विमर्श किया गया। निरीक्षण के क्रम में आईईसी गतिविधियों गांव में है कि नही इसमें वाल राइटिंग, स्लोगन राइटिंग, गांव मे जांच किया गया साथ ही जल जीवन मिशन की मार्गदर्शिका वीडब्लूएससी के पास है की नही वो भी देखा गया। ग्रामों में जल जीवन मिशन, तरल कचरे के निपटान हेतु सोकपिट का निरीक्षण कर कार्यों में प्रगति लाने हेतु निदेशित किया गया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गोड्डा के जिला समन्वयक संजीव रंजन एवं शत्रुघ्न प्रसाद संबंधित कनीय अभियंता मनोज पूर्वे और पीएमसी के अंकित गौरव एवं वहाँ कार्यरत एजेंसी कल्पतरु के कनीय अभियंता अन्य उपस्थित रहे।



# महागामा दुर्गा मंदिर मार्ग पर जलजमाव की समस्या को लेकर नगर पंचायत ने चलाया सफाई अभियान

## श्रद्धालुओं को जल्द मिलेगी राहत, नाले की निकासी बहाल करने का कार्य जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महागामा :** नगर पंचायत क्षेत्र के बसुआ चौक के समीप स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाले की निकासी व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई थी। नाले में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा मिट्टी, गिट्टी और ईंटें डाल दी गई थीं, जिससे पानी का बहाव रुक गया और नाला ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगा।इससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और गंदगी फैल गई। राहगीरों और श्रद्धालुओं को नाक ढककर गुजरने की मजबूरी हो रही थी। खासकर राधाकृष्ण मंदिर के समीप जलजमाव और कीचड़ के कारण पूजा-अर्चना को जा रहे श्रद्धालुओं को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था।स्थानीय लोगों की शिकायत पर नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया और बुधवार की सुबह नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के निर्देश पर पर्यवेक्षक दिलदार अंसारी के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया। जमादार राजकुमार यादव एवं चंदन कुमार की देखरेख में सफाईकर्मियों की टीम ने नाले में जमी मिट्टी, बालू और गिट्टी को निकालने का कार्य तेज़ी से शुरू कर दिया है।नगर प्रशासन की इस तत्परता से आमजन में राहत की उम्मीद जगी है। जल्द ही नाले की निकासी व्यवस्था सुचारू होने की संभावना है, जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों को गंदगी और दुर्गंध से मुक्ति मिल सकेगी।



# परसपानी के राजकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय को संजीवनी देने में जुटे श्रम मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पथरगामा :** ाजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परसपानी की शैक्षणिक सत्र 2025ङ्क26 के लिए राष्ट्रीय होम्योपैथिक आयोग, नई दिल्ली द्वारा संबंधता समाप्त कर दी गई थी, जिससे छात्रों एवं शिक्षकों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। इस गंभीर स्थिति में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयास तेज कर दिए हैं। उनके द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासो से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गहरी प्रसन्नता और आभार प्रकट किया है। छात्रों ने बताया कि मंत्री महोदय के सकारात्मक हस्तक्षेप से महाविद्यालय में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। डॉ. साह द्वारा छात्रों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान ने उन्हें एक मार्गदर्शक की भूमिका में स्थापित किया है। उनके नेतृत्व में कक्षाओं का सुचारू संचालन, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ किया गया है।छात्रों ने मंत्री महोदय से राष्ट्रीय होम्योपैथिक आयोग से संपर्क कर सत्र 2025ङ्क26 के लिए महाविद्यालय की संबंधता पुनः बहाल कराने का आग्रह किया है। ताकि छात्र वित्तीय रूप से सशक्त होकर अध्ययन पर पूर्ण ध्यान दे सकें।छात्रों ने यह भी अनुरोध किया कि राज्य में होम्योपैथिक चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया को तेज किया जाए एवं राज्य में स्नातकोत्तर शिक्षा की सुविधा भी शीघ्र प्रारंभ की जाए, ताकि झारखंड के छात्रों को बाहर न जाना पड़े।महाविद्यालय के छात्र अर्पिता कुमारी,कविता कुमारी, नितेश कुमार गिरी, आशीष कुमार, आयुष कुमार, अजय कुमार गुप्ता, पूनम बास्की, मुस्कान मुर्मू, साधना कुमारी, प्रिया दास, पल्लवी कुमारी, विवेक कुमार, आर्यन राज, प्रियंका कुमारी, रोमा भारती, सोनल, कुसुम कुमारी, लवली कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने मंत्री संजय प्रसाद यादव को लिखित पत्र देकर बधाई दी एवं उनके प्रयासों के लिए हृदय से धन्यवाद दिया।



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## राष्ट्रपति आगमन को लेकर एम्स और एयरपोर्ट का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर :** माननीय राष्ट्रपति के प्रस्तावित देवघर दौरे और एम्स के पहले दीक्षांत समारोह को लेकर सुरक्षा, विधि एवं ट्रैफिक व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई। इस क्रम में वाणिज्य कर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, आईजी अखिलेश कुमार झा, आईजी संथाल परगना शैलेंद्र कुमार सिन्हा, डीआईजी अंबर लकड़ा, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा एवं एसपी अजित पीटर डुंगडुंग समेत वरीय अधिकारियों ने एयरपोर्ट से एम्स तक रूटलाइन और दीक्षांत समारोह स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्टेज मैनेजमेंट, सीटिंग अरेंजमेंट, आपातकालीन सेवाएं, पार्किंग, बिजली आपूर्ति और अतिक्रमण हटाने सहित सभी पहलुओं पर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की तैयारियों को प्रोटोकॉल के अनुरूप सुनिश्चित करने, कारकेड व आउट राइडर्स की व्यवस्था और ट्रैफिक प्लान को दुरुस्त रखने के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए। निरीक्षण में नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, एम्स व एयरपोर्ट निदेशक, ट्रैफिक डीएसपी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप विकास आयुक्त ने देवीपुर प्रखंड का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर :** उप विकास आयुक्त श्री पीयूष सिन्हा द्वारा देवीपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत टटकियो का क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम राजपुरा में विभिन्न बिरसा हरित ग्राम योजनाओं का एरिया ऑफिसर ऐप द्वारा निरिक्षण किया गया। इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त श्री पीयूष सिन्हा ने योजना स्थल पर काम कर रहें मजदूरों की हाजिरी की जांच मस्टर रॉल से की गई। साथ ही कार्य स्थल पर मजदूरों की लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे शेड, पीने का पानी, मेडिकल किट आदि की जांच की गई। आगे योजनाओं के क्रियान्वयन में पाई गयी त्रुटियों का निराकरण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया तथा ससमय एवं पारदर्शिता के साथ काम करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, संबंधित पंचायत के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता आदि उपस्थित थे।





## राहुल अध्ययन केंद्र में चंद्रशेखर आज़ाद, तिलक और लक्ष्मी सहगल को श्रद्धांजलि अर्पित



**मधुपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्थानीय राहुल अध्ययन केंद्र में मंगलवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक की जयंती तथा कैप्टन लक्ष्मी सहगल की पुण्यतिथि सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इन महान विभूतियों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए । जनवादी चिंतक व कलमकार धनंजय प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि इन्हीं क्रांतिकारियों की बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं। लेकिन आज के स्वार्थी दौर में सच्चे देशभक्तों को लोग भूलते जा रहे हैं, जबकि छद्म राष्ट्रवाद का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद क्रांतिकारियों के अग्रणी नायक थे, जिन्होंने मैं आज़ाद था, आज़ाद हूं और आज़ाद ही मरूंगा की कसमें खाई थीं। उन्होंने समाजवादी गणराज्य संघ (हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन) की स्थापना की, जिसमें भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारी शामिल थे । बाल गंगाधर तिलक को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वे गरम दल के प्रमुख नेता थे और स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है का नारा देने वाले पहले व्यक्ति थे। साइमन कमीशन के विरोध के दौरान वे घायल हुए और इसी के कारण उनका निधन हो गया। कैप्टन लक्ष्मी सहगल के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वे नेताजी सुभाषचंद्र बोस की सहयोगी थीं और आजाद हिंद फौज में अहम भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के बाद भी वे सामाजिक सेवा में सक्रिय रहीं। उन्होंने जीवन भर देश सेवा को अपना ध्येय बनाए रखा। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए और इन महान विभूतियों के योगदान को याद किया।

## प्रमुख पति व पंचायत सेवक विवाद मामला- एसडीपीओ ने लिया संज्ञान

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** प्रमुख पति रामअवतार चौधरी व पंचायत सेवक बालेश्वर यादव में हुए विवाद के बाद दिये गए थाने में आवेदन के बाद बढ़ाते विवाद को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार ने सतगावां प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए उपस्थित लोगों के साथ-साथ दोनों पक्षों से पूछताछ कर मामले की जानकारी ली एवं प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर प्रमुख पति रामअवतार चौधरी पंचायत सेवक प्रसादी यादव, पंचायत सेवक बालेश्वर यादव से मामले की जानकारी लिया गया। दूसरी ओर पंचायत सेवक एवं जनप्रतिनिधियों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों ओर से बैठक कर मामले का निष्पादन करने एवं पूर्व की भांति आपसी भाईचारगी के साथ कार्यकारिणी को लेकर बैठक की गई । विवाद से उत्पन्न हुए आपसी तालमेल को बनाए रखने को लेकर प्रमुख के अध्यक्षता में बैठक कर जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत सेवकों के साथ तालमेल बनाकर कार्य करने का बात बताई गई। साथ ही साथ एक दूसरे से तालमेल बनाकर प्रखंड के विकास करने का भरोसा दिलाया गया। वहीं इस मामले को लेकर थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि प्रमुख पति रामअवतार चौधरी पंचायत सेवक बालेश्वर यादव दोनों ओर से दिए गए आवेदन पर 73/25 और 74/25 मामला दर्ज किया गया है आगे दोनों पक्ष न्यायालय पहुंचकर नियम संगत अपना अपना जवाब देंगे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा मामले का सुपरविजन किया गया है।

## सतगावां में मोटर चलाने के विवाद को लेकर मारपीट, दो लोग घायल

**सतगावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र बुधवार को आपसी मामूली विवाद को लेकर हुए मारपीट में दो व्यक्तियों के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। घायल व्यक्ति में जहींदर प्रसाद यादव उम्र 37 वर्ष पिता स्वर्गीय सहदेव यादव, दूसरे पक्ष से विपिन प्रसाद यादव पिता जवाहर प्रसाद यादव उम्र 25 वर्ष दोनों ग्राम नावाडीह निवासी हैं। घटना के बाद घायल अवस्था में परिजनों की मदद से दोनों व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा इलाज किया गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार खेत पर मोटर चलाने के विवाद को लेकर हुए मारपीट में दोनों घायल हो गए खबर लिखे जाने तक आवेदन देने की तैयारी की जा रही थी।

## जयनगर प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत रूपायडीह पहुंचे उपायुक्त

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** उपायुक्त ऋतुराज ने आज जयनगर प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत रूपायडीह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन, योजना पंजी, स्टॉक रजिस्टर, कैश बुक, ज्ञान केंद्र तथा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की गई।उपायुक्त ने ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानने हेतु संबंधित अभिलेखों और मनरेगा की योजना की स्थलीय सत्यापन किया गया। योजनाओं के भौतिक सत्यापन के लिए स्वयं बाइक से योजना स्थल का दौरा किया। मौके पर पाया गया कि समतलीकरण योजना कागजों पर ही सीमित है और धरातल पर कार्य नहीं किया गया है।जांच के दौरान योजना पंजी व अभिलेखों में अनियमितता पाए जाने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण तलब करते हुए दोनों का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। साथ ही पंचायत सहायक पर भी लापरवाही को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को 10 दिनों के भीतर सभी योजनाओं में सुधार लाने और प्रगति की रिपोर्ट समर्पित करने का सख्त निर्देश दिया।

## रेंजर अनुपम चक्रवर्ती एवं गीता कुमारी को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर/आसनसोल :** भारत स्काउट एंड गाइड्स आसनसोल रेल मंडल के अनुपम चक्रवर्ती एवं गीता कुमारी रेंजर को भारत एस्कॉर्ट्स एंड गाइड का सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हाथों से दिया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने रेंजर अनुपम चक्रवर्ती एवं गीता कुमारी को केवल आसनसोल रेल मंडल का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे स्काउटिंग समुदाय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी बना है उनके समर्पण अनुशासन और सेवा और कठिन परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं आसनसोल मंडल के अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों, साथी रेंजर ने सम्मानित रेंजर अनुपम चक्रवर्ती एवं गीता कुमारी को इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह सम्मान आसनसोल रेल मंडल के युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा देगा।

## बाल विवाह व तस्करी के खिलाफ रेलवे स्टेशन पर चला जागरूकता अभियान, यात्रियों को दी गई 1098 हेल्पलाइन की जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** मधुपुर रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार को स्वयंसेवी संस्था आश्रय द्वारा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोग से एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित विशेष जागरूकता अभियान का हिस्सा है। इस अभियान में आश्रय संस्था के कार्यकर्ताओं ने आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) के सहयोग से रेल यात्रियों को बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान आश्रय संस्था के मुजम्मिल हुसैन ने यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा, बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी कानूनी अपराध हैं, फिर भी आज भी कुछ लोग बच्चों का शोषण कर रहे हैं। बच्चों को बहला-फुसलाकर एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाकर उनसे जबरन काम करवाया जाता है या उन्हें बेच दिया जाता है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि यात्रा के दौरान यदि किसी संदिग्ध परिस्थिति में कोई बच्चा या तस्कर दिखे तो तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सूचना दें, ताकि समय रहते उस बच्चे को बचाया जा सके। इस अवसर पर आरपीएफ पोस्ट के सब-इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल मुरारी शर्मा तथा उनकी टीम उपस्थित रही। संस्था की ओर से आदर्श कुमार यादव, मुस्कान प्रवीण, तमन्ना प्रवीण और सुमन कुमारी समेत कई कार्यकर्ता और रेल यात्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए।




## सड़क हादसे में एक पुलिसकर्मी घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले के के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लिनेन्क समीप एक सड़क दुर्घटना में पुलिस लाइन के लाइन बाबू राजेश सिंह नामक एक पुलिस कर्मी घायल हुए हैं, बताते चलें कि कोडरमा पुलिस में बतौर लाइन बाबू के रूप में कार्यरत राजेश सिंह नामक एक पुलिसकर्मी चंदवारा बाजार से घरेलू उपयोग का कुछ सामान लेकर पुलिस लाइन लौट रहे थे। इसी बीच चंदवारा थाना के समीप एनएच 20 पर सड़क पार करने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके पश्चात वहां मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां उनका ईलाज जारी है। घटना के पश्चात चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी सदर अस्पताल पहुंच कर घायल पुलिसकर्मी का हालचाल जानने में जुटे हुए हैं।

## चलती ट्रेन में मोबाइल चोरी, विद्यासागर स्टेशन पर आरपीएफ ने चोर दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** चलती ट्रेन में मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक शातिर चोर को आरपीएफ ने तत्परता दिखाते हुए विद्यासागर रेलवे स्टेशन पर धर दबोचा। यह कार्रवाई ट्रेन संख्या 18622 अप हटिया-पटना पाटलिपुत्रा एक्सप्रेस में चितरंजन से चल रहे क्राइम प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन स्क्वॉड (CPDS) अभियान के तहत की गई। आरपीएफ पोस्ट जामताड़ा में पदस्थापित एएसआई रघुनाथ नस्कर, प्रधान आरक्षी वी.के. यादव और आरक्षी शक्ति कुमार ट्रेन में संदिग्धों की तलाशी ले रहे थे। इसी दौरान, विद्यासागर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर एक युवक को संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया। पूछताछ की कोशिश पर वह भागने लगा, लेकिन प्लेटफॉर्म ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षी तापस कुमार कायल की मदद से उसे पकड़ लिया गया।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम जाकिर अंसारी (28 वर्ष), पिता बाबुजन मियां, निवासी हिरापुर, नावाडीह (रटनिया), थाना करमाटांड़, जिला जामताड़ा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो मोबाइल फोन – एक काले रंग का रियलमी और एक नीले रंग का जियो मोबाइल – बरामद हुए। उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली है। आरपीएफ ने जब्त मोबाइल फोन के साथ आरोपी को रेल थाना मधुपुर को सौंप दिया। रेल पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, 100 सेविकाएं बनीं मास्टर ट्रेनर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा ।** जिला प्रशासन द्वारा स्कूल पूर्व शिक्षा को सशक्त और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए एक विशेष पहल की गई है। उपयुक्त ऋतुराज के नेतृत्व में 100 आंगनबाड़ी सेविकाओं को मास्टर प्रशिक्षक के रूप में दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण तितली फाउंडेशन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। रिफ्रेशर प्रशिक्षण उन सेविकाओं के लिए आयोजित किया गया है, जिन्हें वर्ष 2021-22 में एक्के हेतु प्रशिक्षित किया गया था। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अब अपने अधीनस्थ 5-5 आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सेविकाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। इस प्रशिक्षण में सेविकाओं को बच्चों के भाषा, मानसिक, सामाजिक और शारीरिक विकास की गतिविधियों की जानकारी दी गई। खेल आधारित शिक्षा, रोल प्ले, गौरवशाली प्रदर्शन, पोस्टर एक्टिविटी और समूह कार्य जैसी गतिविधियाँ प्रशिक्षण का हिस्सा रहीं।

## नगर पुस्तकालय मधुपुर में चला स्वच्छता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत नगर परिषद मधुपुर प्रशासक सुरेंद्र किस्कू के निर्देशानुसार बुधवार को सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम के तहत नगर पुस्तकालय मधुपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया इस अभियान के अंतर्गत नगर परिषद की टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर साफ सफाई तथा नगर पुस्तकालय के अंदर स्वच्छता एवं अपने आसपास की स्वच्छता तथा अपने शारीरिक साफ सफाई की महत्व को बताया गया इसके साथ ही यह बताया गया कि कैसे हम लोग स्वच्छता को अपना कर बीमारी से बच सकते हैं ।इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना एवम गंदगी से होने वाले विभिन्न बीमारियों के प्रति सजग करना था इस कार्यक्रम के अवसर पर सेनेटरी सुपरवाइजर आनंद पासवान,मिथुन रवानी मोहम्मद औरंगज़ेब,मोहम्मद नवाज मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद अशफाक ,फुरकान अंसारी तथा अमरजीत पासवान उपस्थित थे ।

## रोटरी क्लब कोडरमा यूथ विंग के द्वारा विशाल मेगा फैट सावन मेला का आयोजन 3 को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा यूथ विंग के द्वारा दिनांक 3 अगस्त रविवार को शिव वाटिका में विशाल मेगा फैट सावन मेला का आयोजन किया जाएगा भारतीय संस्कृति, गृह उद्योग,महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए इस मेगा फैट में कई प्रकार के सामानों के आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे रोटरी यूथ विंग के सदस्यों ने बताया कि सुबह 11:00 से रात्रि 10:00 बजे तक यह विशाल मेगा फैट सावन मेला का आयोजन होगा इस सावन मेला में छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों बालिकाएं महिलाएं के समान मिलेंगे कई प्रकार के गेम्स और मनोरंजन के साधन होंगे लकी लोगों को ड्रॉ के द्वारा उपहार भी दिए जाएंगे कपड़ा खिलौना राखी कैंडल्स बेकरी म्यूजिक संगीत कॉस्मेटिक समान आधुनिक साड़ी एवं खादी के कपड़े के विभिन्न स्टाल एवं खाने पीने के लजीज व्यंजन स्टॉल लगाए जाएंगे स्थानीय लोगों के अलावा बाहर के शहर के लोगों के द्वारा भी स्टॉल लगाए जा रहे हैं पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर सह मीडिया प्रभारी रोटेरियन नवीन जैन ने बताया कि इस सावन मेला में मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए गृह उद्योग और भारतीय संस्कृति की छाप नजर आएगी पिछले वर्ष भी यूथ विंग के सदस्यों के द्वारा विशाल मेगा फैट का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई थी जो पूर्ण रूप से सफल रहा था आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द के इस सावन मेला में इस बार भी उम्मीद है की अधिक से अधिक लोग इस सावन मेला में आकर आनंद लुत्फ उठाएंगे इस आयोजन को सफल बनाने में प्रतीक जैन गौरांग पुजारा शैलेश दारूका आशीष छाबड़ा राहुल मोदी मनीष पेड़ीवाल मनीष गंगवाल मनीष अग्रवाल ईशान सेठी विपुल बगड़िया आशीष खेतान सनी कुमार निधि पेड़ीवाल आदि लोग लगे हुए हैं.

## अंडर-14 क्रिकेट : बंगुर ने एमसिए को 6 विकेट से हराया, शाकिब मैन ऑफ द मैच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** शहर के 52 बीघा स्थित रेलवे टीटीसी ग्राउंड में अंडर-14 द्विपक्षीय श्रृंखला का पहला मुकाबला मधुपुर क्रिकेट अकादमी (एमसिए) और बंगुर क्रिकेट अकादमी (कोलकाता, पश्चिम बंगाल) के बीच खेला गया। एमसिए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 21 ओवर में 108 रन बनाए। आयुष ने 23, अयान ने 19 और नजीब ने 17 रन जोड़े। बंगुर की ओर से शाकिब और त्रिदेव ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगुर टीम ने 13 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज की। शाकिब ने 22 और कमरुद्दीन ने नाबाद 20 रन बनाए। MCA के आलोक ने 3 विकेट लिए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए शाकिब को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मौके पर MCA सचिव मोहम्मद इमरान, मोहम्मद बबलू और बंगुर एकेडमी के कोच मोहम्मद अबू समेत कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने फ़िलो के माध्यम से चल रही ऑनलाइन क्लासेस की समीक्षा की, प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा ।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए चल रहे ऑनलाइन क्लासेस, विशेष रूप से भौतिकी, रसायन विज्ञान जैसे विषयों के संदर्भ में जानकारी ली गई. उपायुक्त ने विद्यालयवार ऑनलाइन क्लासेस की समीक्षा करते हुए हर विषय के पाठ्यक्रम (सेलेब्स) की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने फ़िलो प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से संचालित हो रही ऑनलाइन कक्षाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। फ़िलो के निदेशक द्वारा विद्यार्थियों को दी जा रही शैक्षणिक सहायता की भी जानकारी बैठक में प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्रों को भी फ़िलो की कक्षाओं से जोड़ा जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आकांक्षा कोचिंग क्लासेस को प्रारंभ करने की योजना तैयार की जाए, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। उपायुक्त ने सभी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा उनकी प्रतिदिन की रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त, प्रखंडवार विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, सेलेब्स की प्रगति, विद्यालय प्रदर्शन प्रमाणपत्र, प्रोजेक्ट रेल समेत अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुलदीप, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



अंचलाधिकारी द्वारा सरकारी शराब की दुकान पर मिली गड़बड़ी की सूचना सहायक आयुक्त उत्पाद को दी

# खुदरा उत्पाद की टीम ने जाँच कर सरकारी शराब की दुकान को किया सील

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने 21 जुलाई 2025 सोमवार की बीती रात करीब 09 बजे विष्णुगढ़ चेडरा स्थित सरकारी शराब की दुकान पंजीयन सँख्या -045_COM_HZB_24-25 का औचक निरीक्षण किया गया था।अंचलाधिकारी ने औचक निरीक्षण मे मिली गड़बड़ी पर अंचलाधिकारी ने सहायक आयुक्त उत्पाद हज़ारीबाग को पत्रांक 520 में मिली गड़बड़ी में एक ग्राहक से





दुकानदार के द्वारा बैड मंकी नामक बीयर को अधिकतम मूल्य 180 रुपए की जगह 190 रुपए की वसूली की गई। सरकारी शराब की दुकान भी प्लस 2 उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ के समीप स्थित है। इस दुकान का संचालन राजेश गोल्डी नामक एक अनाधिकृत व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है और इस दुकान से भारी मात्रा में शराब की कालाबाजारी की जा रही है। दुकान में उपस्थिति पंजी का ना होना, दुकान में आगत निर्गत पंजी का ना होना की लिखित सूचना दी,जिसपर अग्रेतर कार्यवाई करते हुए बुधवार 23 जुलाई 25 को करीब 02:30 बजे उत्पाद विभाग के एस आई कृष्ण कुमार प्रजापति ने अपनी टीम के साथ उपरोक्त सरकारी शराब की दुकान की जाँच कर सील कर दिया गया।

## बरही चौक पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का भव्य स्वागत, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिखाया उत्साह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का बुधवार को बरही चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। रांची से गया की ओर जाते समय बरही पहुंचे अर्जुन मुंडा को देखते ही स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। दर्जनों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस स्वागत समारोह के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने अर्जुन मुंडा को क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों और स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने भाजपा की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ



नेता व पदाधिकारी शामिल हुए। मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, जिप सदस्य प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, वरिष्ठ नेता अर्जुन साव, शैलेन्द्र सिंहा, नवल किशोर सिंह, राजकुमार केशरी, राजेंद्र स्वर्णकार, बासुदेव यादव, मो. चांद, सचिन यादव, मिथलेश सिंह, अरुण चंद्रवंशी, नंदकिशोर साव, गगन निषाद समेत कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर अर्जुन मुंडा ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और पार्टी को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उनके परिश्रम से ही भाजपा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकती है।

## केरेडारी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, कई महीनों से फरार अपराधी को भेजा जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** विभिन्न कांडों को नामजद अभियुक्त राहुल गंझू पिता-नारायण गंझू गांव-भंगिया बरवाटोला, थाना-बालुमाथ जिला-लातेहार को केरेडारी थाना अंतर्गत ग्राम-मनातु से दिनांक-22 जुलाई 2025 को केरेडारी थाना कांड संख्या-203/24 में गिरफ्तार किया गया। इनके द्वारा पीएनएम के बुकरू ऑफिस में फायरिंग कर घटना को अंजाम दिया गया था तथा बीजीआर कंपनी में दो स्कैनिया वाहन को फायरिंग कर आग के हवाले किया गया था। इसके उपर लातेहार, चतरा एवं हजारीबाग में रंगदारी, धमकी एवं आगजनी तथा फायरिंग करने के विभिन्न कांड दर्ज है। जैसे केरेडारी थाना कांड संख्या-203/24, वही केरेडारी थाना (पगार ओपी) कांड संख्या-205/24 पगार ओपी कांड संख्या 48/25, पगार ओपी कांड संख्या 77/25, (पगार ओ0पी0) कांड संख्या - 121/25, पगार ओपी कांड संख्या 110/25, वही टंडवा थाना कांड संख्या-349/24, टण्डवा थाना कांड सं0-01/25, टण्डवा थाना कांड सं0-29/25, टण्डवा थाना कांड सं0-42/25, तथा कोडारी पुलिस स्टेशन (वेतन ओपी) कांड संख्या 114/25, बारियातु (लातेहार) थाना कांड संख्या-71/24, बारीयातु (लातेहार) थाना



कांड संख्या-70/24, बालूमाथ थाना कांड संख्या 39/24 इस तरह के 16 मामला सामने आया है। केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार के निर्देश पर छापामारी दल में केरेडारी थाना के पु0अ0नि0 अनुप कुमार पु0अ0नि0 टिंकु कुमार सिंह, पु0अ0नि0 हेमराज कुमार थाना रिजर्व गार्ड सामिल हैं। वही अभियुक्त के पास से पुलिस ने बजाज कंपनी के मोटरसाईकिल एवं मोबाईल फोन जप्त किया है।

## प्रवासी मजदूर रामेश्वर महतो की मौत से सदमे में पूरा परिवार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** प्रवासी मजदूरों के परिजनों का हाल बेहाल उनकी आँखे पथरा गई, आँसू सूख गए है,लेकिन दुबई से शव नहीं आया। परिजन प्रतिनिधि से लेकर अफसरों से गुहार कर चुके, लेकिन अंतिम दर्शन की आस अब तक अधूरी ही रही हैं। हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जोबर पंचायत के बंदखारों निवासी मदन महतो के 38 वर्षीया पुत्र रामेश्वर महतो कुवैत में कमाने गया था,लेकिन पिछले माह 15 जून को वहां मौत गई। घटना को एक महीने से अधिक दिन बीत गए, लेकिन अब तक उसका शव नहीं लाया जा सका। परिजन पथराई आंखों से शव के आने का इंतजार कर रहे हैं।रामेश्वर महतो का शव आज भी कुवैत के अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। उनकी ओर से शव लाने को लेकर संबधित शपथ-पत्र सहित जरूरी दस्तावेज भिजवा दिए हैं। इसके बावजूद अब तक शव नहीं आ पाया हैं,और न ही मुआवजे की राशि मिल पायी हैं।मृतक रामेश्वर की पत्नी प्रमिला देवी अपने पति का शव नहीं आने से काफी परेशान हैं और वह रोते-रोते बार-बार बेहोश हो जाती हैं।परिवार के पालन-पोषण का भी संकट खड़ा हो गया हैं। रामेश्वर महतो अपने परिवार में एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था।बता दें कि वह आईएमसीओ नामक ट्रांसमिशन कंपनी में फीटर के रूप में बीते 10 वर्षो से



कार्यरत था। कुवैत में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों की इसकी सूचना मिलते हीं रो-रोकर बुरा हाल है। वे अपने पीछे पत्नी प्रमिला देवी, पुत्र किशोर कुमार, कुलदीप कुमार समेत मां डलवा देवी को छोड़ गए हैं।प्रवासी मजदूरों के हित में कार्यरत समाजसेवी सिकन्दर अली लगातार इस मामले में संबंधित अधिकारियों और संस्थानों से संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जैसे जिलों से बड़ी संख्या में लोग देश-विदेश में मजदूरी के लिए जाते हैं, लेकिन घटना होने पर मुआवजे और शव वापसी की प्रक्रिया बेहद जटिल हो जाती है।उन्होंने कहा, ÷ऐसे मामलों में सरकार को ठोस और त्वरित कदम उठाने चाहिए ताकि मृतक के परिजनों को समय पर न्याय, सम्मानजनक विदाई और आर्थिक सहायता मिल सके।

## बरही के जवाहर घाट में बड़ा हादसा टला, पेपर लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाट पुल के पास बुधवार एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। उड़ीसा से पेपर लोड कर पटना जा रही एक बारह चक्का ट्रक संख्या ओडी 01 एके 4313 सुबह लगभग तीन से चार बजे के बीच अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि, बड़ी बात यह रही कि वाहन पुल के नीचे गिरने से बाल-बाल बच गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। मौके पर मौजूद उपचालक ने बताया कि पुल से ठीक पहले तीखा मोड़ होने के कारण ड्राइवर वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रक पलट गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बरही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि उक्त ट्रक ओड़िशा से पेपर लेकर पटना की ओर जा रही थी। ट्रक में मौजूद चालक और उपचालक पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई है।

## भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया राहतकर से की मुलाकात



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ओम् आरोहणम् संस्था की संस्थापिका, सदस्य दिशा (भारत सरकार), लायंस क्लब की अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया राहतकर से उनके आवास पर मुलाक़ात की। इससे पहले विजया ताई भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री भी रह चुकी हैं। मुलाकात के दौरान झारखंड की महिलाओं से जुड़े विभिन्न सामाजिक विषयों, उनके सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान झारखंड में बढते अपराध को लेकर सुरक्षा पर आवश्यक कार्यवाई एवं एक विशेष पहल करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। जल्द ही झारखंड का दौरा करने का भरोसा दिया। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया राहतकर से सदैव स्नेह व मार्गदर्शन ऐसे ही मिलता रहने की कामना की। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया राहतकर की सरहाना कर कहा कि आपके कुशल नेतृत्व, अद्भुत संगठन क्षमता और अटूट निष्ठा ने महिला सशक्तिकरण को नई दिशा और ऊर्जा दी है।

## जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चला सघन वाहन जांच अभियान



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिवहन पदाधिकारी तथा मोटर यान निरीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से चानो पुल हजारीबाग के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दुपहिया वाहन चालकों की हेलमेट तथा ड्राइविंग लाइसेंस जांच की गई ।वहीं ऑटो तथा टोटो वाहन चालकों की इंश्योरेंस तथा टैक्स और भारी वाहनों के भार सीमा की जांच की गई तथा दोषी पाए जाने वाले वाहन चालकों से मोटर वाहन अधिनियम के संगत धाराओं के अधीन चालान किया गया। इस अभियान में कुल 55 वाहनों की जांच किया गया एवं दोषी पाए गए वाहन चालकों पर चालान करते हुए 5 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई। मौके पर उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती ने लोगों से अपील की कि वे अपने अपने वाहनों के सभी प्रकार के दस्तावेज अद्यतन करवा लें अन्यथा ऐसे वाहन जांच अभियान के माध्यम से आगे भी दोषी वाहन चालकों पर करवाई जारी रहेगी । मौके पर मोटरयान निरीक्षक विजय गौतम, रोड सेफ्टी से संतोष सिंह सहित दल बल के साथ जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे।

## बरही में बिजली चोरी के मामले में 12 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने 12 लोगों के विरुद्ध बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सभी आरोपियों पर विद्युत ऊर्जा की चोरी का आरोप है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार करियातपुर, धनवार और पटना रोड गिलान टोला के विभिन्न निवासी बिजली चोरी में संलिप्त पाए गए। इनमें करियातपुर निवासी पार्वती देवी पति केशव पंडित, नंदकिशोर प्रसाद पिता बद्री महतो, रंजीत ठाकुर पिता महेंद्र ठाकुर, सत्रुधन सिंह पिता बद्री महतो, सोनू कुमार पिता सहदेव महतो, दिलीप कुमार पिता रामचन्द्र प्रसाद, संतोष भगत पिता रामनंदन प्रसाद भगत, असमुनिया खातून पति स्व. मो. कयूम, शाजदा खातून पति मिसबा आलम, राजू केशरी पिता रामचन्द्र केशरी तथा गुड्डू मालाकार पिता सुरेश मालाकार शामिल हैं। विद्युत विभाग के अनुसार, ये सभी लोग बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपयोग कर रहे थे।

## बिरहोर टोला में प्रशासनिक शिविर से कई लाभार्थी हुए लाभान्वित, आधार पंजीकरण, बैंक खाता और पेंशन योजना का लाभ

### प्रशासन की प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे : जयपाल महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरसोत के ग्राम बरीयठा स्थित बिरहोर टोला में बुधवार को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो के निर्देश पर संपन्न हुआ। शिविर का संचालन कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार की देखरेख में किया गया। शिविर के दौरान कुल 5 लोगों का नया आधार पंजीकरण किया गया, जिससे अब वे भी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से सीधे जुड़ सकेंगे। इसके साथ ही, 3 लोगों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट किया गया, जिससे उनकी पहचान प्रक्रिया और अधिक सशक्त हो सकेगी। इसके अलावा, 4 नए बैंक खाते खोले गए ताकि लाभार्थियों को सीधा



डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का लाभ उनके खातों में मिल सके। 05 पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन स्वीकृति दी गई, जो कि वृद्धावस्था, विधवा या दिव्यांगता के आधार पर प्रदान की जाती है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा, प्रशासन की प्राथमिकता है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। बिरहोर जैसी वंचित जनजातियों के बीच आधार, बैंकिंग और पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाकर हम उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन अन्य ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में किया जाएगा, ताकि कोई भी लाभ से वंचित न रह जाए। कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों का सहयोग उत्साहजनक रहा और सभी प्रक्रियाएं सुचारू रूप से पूरी की गई। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है ताकि वे समय पर सभी ज़रूरी दस्तावेज़ बनवा सकें और सरकारी लाभ प्राप्त कर सकें। मौके पर मुखिया मोतीलाल चौधरी, पंचयात सचिव प्रियंका प्रकाश, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहन मिर्धा, प्रशांत कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पुर्व विधायक अंबा प्रसाद के पहल से पतरा से माता स्थान तक होगा सड़क का निर्माण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखण्ड पंचायत कांडबेर में सड़कों का बेहाल पतरा खूर्द से लेकर माता स्थान तक सड़क की स्थिति दिन व दिन जर्जर होते जा रही हैं। जिस पर कांडबेर के कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष सुरेश राम, पंचायत मुखिया दिनेश साव, राजेश साव, अशोक बंटी राज रामचन्द्र साव सहित कई ग्रामीणों ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव



से सड़क बनाने को लेकर मिले, जिस पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने संवेदक से फोन के माध्यम से वार्ता किया। जिस पर संवेदक ने पूर्व विधायक को बताया कि सोमवार से सड़क में जो गढ़ा हो गया हैं। फिलहाल मुरम चिप्स डाल कर दुरुस्त कर देंगे। और बहुत जल्द कार्य को शुरू कर देंगे। पूर्व विधायक ने गर्री मुख्य पथ से लेकर पतरा तक सभी गढ़ा की मरम्मत कराने को संवेदक को कहा गया, बता दे पूर्व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा विधान सभा चुनाव के पुर्व में ही यह योजना पास कर शिलान्यास किया गया था। जिस पर संवेदक द्वारा कोई काम नहीं हुआ। एक सवाल उठता हैं जबकि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा योजना का शिलान्यास कर दिया गया था। तो उसी योजना को दोबारा शिलान्यास वर्तमान विधायक के द्वारा किया गया। पर कोई अमल नहीं हुआ। अब पूर्व विधायक के पहल से किया जा रहा हैं। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि चुनाव हारे हैं। फिर भी जनता के सेवा के लिए हमेशा तात्पर्य है। और हमेशा जनता के बीच रहे हैं और रहेंगे। कई जगहों पर मेरा किया गया शिलान्यास पर दोबारा शिलान्यास वर्तमान विधायक द्वारा किया जा रहा हैं। जनता सब जानती हैं। इस पर आगे कोई टिप्पणी हमे नहीं करना इस मौके पर कई ग्रामीण भी मौजूद थें।

## विद्युत कर्मीयों को सुरक्षा के मानकों के साथ कार्य करने को लेकर हुआ कार्यशाला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मानसून के दौरान करंट लगने की कई घटना देखी जा रही है जिसमें विद्युत कर्मीयों की बिजली के चपेट में आने की घटना बढ़ी है जो कभी कभी जान पर भी बन आती है इसको देखते हुए झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हजारीबाग में किया गया जिसमें यह बताया गया कि मानसून के दौरान बिजली से जुड़े कार्य करने समय क्या सावधानी बरतने की जरूरत है अगर किसी व्यक्ति को करंट लग जाए तो उसे कैसे बचाएं इसकी जानकारी दी गई उप महाप्रबंधक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि बिजली एक ऐसी सेवा है जो हर एक व्यक्ति को आज के समय में मिल रही है बिजली का काम करते समय सावधानी बरतना बेहद जरूरी है क्योंकि जरा सा चूक गंभीर चोट या जानलेवा साबित हो सकती है कुछ महत्वपूर्ण सावधानी बरता जाए तो जीवन सुरक्षित रह सकता है.

## बरही अस्पताल में टीवी मरीजों को मिला पोषण आहार, स्वास्थ्य विभाग की सराहनीय पहल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को क्षय रोग (टीबी) से पीड़ित मरीजों के बीच पोषण आहार का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण युक्त आहार प्रदान कर उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत बनाना और उनके इलाज में सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर '9 निश्चय मित्र' योजना के तहत कुल 14 टीबी मरीजों को पोषण आहार की सामग्री दी गई। इस सामग्री में मरीजों के लिए आवश्यक प्रोटीन, विटामिन और ऊर्जा युक्त खाद्य पदार्थ शामिल थे, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा मिले। डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी जैसी संक्रामक बीमारी से लड़ने के लिए दवाओं के साथ-साथ उचित पोषण भी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि जब शरीर को संतुलित आहार मिलता है, तो दवाओं का असर बेहतर होता है और मरीज जल्दी स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने सभी मरीजों को नियमित दवा लेने और खान-पान में लापरवाही न करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के कई स्वास्थ्यकर्मी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिनमें लिपिक पंकज कुमार आजाद, शुभांशु शंकर सिंह,



एसटीएलएस विजेंद्र कुमार, रवि शंकर कुमार, आदेश पाल, महादेव राम, मोहम्मद शमशाद और जावेद अख्तर प्रमुख थे। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल समाज में एक सकारात्मक संदेश दे रही है कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से भी समय पर इलाज और पोषण से छुटकारा पाया जा सकता है। साथ ही, यह कार्यक्रम मरीजों में आत्मबल और जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है। सभी मरीजों को न केवल पोषण आहार प्रदान किया गया, बल्कि उन्हें यह भी समझाया गया कि टीबी पूरी तरह से इलाज योग्य है, बशर्ते समय पर जांच, नियमित दवा और संतुलित आहार का पालन किया जाए। अस्पताल प्रशासन ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखा जाएगा।

## हजारीबाग रेलवे स्टेशन परिसर में दर्दनाक हादसा निर्माणाधीन वॉशिंग पिट में डूबने से मुकेश राम की मृत्यु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें कूद निवासी मुकेश राम की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, स्टेशन क्षेत्र में निर्माणाधीन वॉशिंग पिट के गहरे गड्ढे में पानी भरा हुआ था, जिसमें गिरने से मुकेश राम की मृत्यु हो गई। इस हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। मुकेश राम अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों ने हादसे के लिए निर्माण कार्य में लगी कंपनी और रेलवे प्रबंधन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रदीप प्रसाद ने गंभीरता दिखाई और तत्काल अपनी टीम को घटनास्थल पर भेजा। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और रेलवे प्रबंधक एवं निर्माण कार्य में लगी कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क साधा। विधायक श्री प्रसाद के निर्देश पर मृतक के परिजनों को त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की यह एक अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जो कंस्ट्रक्शन कंपनी और रेलवे प्रबंधन की घोर लापरवाही का परिणाम है। मैंने साफ निर्देश दिया है की ऐसी घटनाओं



की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सभी सुरक्षा मानकों और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मैंने कंस्ट्रक्शन कंपनी के कॉन्ट्रैक्टर को कड़ी फटकार लगाई है और रेलवे प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। विधायक ने मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा की इस कठिन समय में परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की की दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें। इस दुख के घडी मे पंकज ठाकुर, मसरातु मुखिया धीरज कुमार,उमेश साव प्रल्हाद ठाकुर, राजेश साव, राजेश ठाकुर, चंदन सिहं, मोनू प्रसाद, राहूल मंडल, बादल कुमार, प्रेम राम, सतीश राम, सुभाष राम,सूरज , मनीष राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति के चयन को लेकर भाजपा में मंथन का दौर जारी





एजेंसी

**नई दिल्ली :** भाजपा उपराष्ट्रपति का पद किसी सहयोगी दल को देने के मूड में नहीं है।उपराष्ट्रपति के पास राज्यसभा संचालन की अहम जिम्मेदारी होने के कारण पार्टी कोई समझौता नहीं करना चाहती। पार्टी यह पद संविधान की बेहतर समझ और अच्छी छवि रखने वाले किसी व्यक्तित्व को देने की तैयारी में है। धनखड़ के इस्तीफे के बाद भावी रणनीति व नए उपराष्ट्रपति के चयन के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिन पार्टी के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ मैराथन बैठक की। अपना उपराष्ट्रपति बनाने के लिए भाजपा के सामने सहयोगियों को साधने के अलावा कोई बड़ी चुनौती नहीं है। पार्टी के इरादों को देखते हुए चुनावी राज्य बिहार के सीएम नीतीश कुमार या किसी नेता को यह जिम्मेदारी मिलने की संभावना दूर-दूर तक नजर नहीं आती है। राज्यसभा सदस्य हरिवंश, जेपी नड्डा और मनोज सिन्हा का नाम हवा में तैर रहा है। वर्तमान में राज्यसभा में 240, लोकसभा में 543 (कुल 783 सदस्य) हैं। बहुमत का आंकड़ा 392 (प्रथम वरीयता मत) है। भाजपा के पास लोकसभा में 240 और राज्यसभा में 99 सदस्य हैं। उसे 10 मनोनीत सदस्यों का समर्थन है। ऐसे में उसके पास 349 सदस्य हैं। यह आंकड़ा जीत के लिए जरूरी समर्थन से सिर्फ 43 कम है। सहयोगियों को जोड़ दें, तो संख्या 400 से ज्यादा है। पार्टी को उम्मीद है कि उपयुक्त दावेदार पर अगले हफ्ते तक सहमति बन जाएगी। संविधान के अनुच्छेद 66 (1) में प्रावधान है कि चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से कराया जाएगा और ऐसे चुनाव में गुप्त मतदान होगा। नए उपराष्ट्रपति का चुनाव पूरे कार्यकाल के लिए होगा। इसका मतलब है कि जो भी उपराष्ट्रपति चुना जाएगा, वह 2027 तक नहीं बल्कि पूरे पांच साल पद पर रहेगा। 74 साल के धनखड़ देश के 14वें उपराष्ट्रपति थे और उनका कार्यकाल अभी 10 अगस्त 2027 तक था।

### राजग के पक्ष में संख्याबल

अगले उपराष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में संख्याबल के हिसाब से सत्तारूढ़ राजग मजबूत स्थिति में है। उपराष्ट्रपति के चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मतदान करते हैं। उच्च सदन के मनोनीत सदस्य भी वोट देने के पात्र होते हैं। 543 सदस्यीय लोकसभा में एक सीट खाली है, जो पश्चिम बंगाल की बसीरहाट सीट है। 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच सीट रिक्त हैं, जिनमें से चार जम्मू-कश्मीर और एक पंजाब से है।

### 394 वोटों की होगी जरूरत

लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों की प्रभावी संख्या 786 है और उपराष्ट्रपति के चुनाव में विजयी उम्मीदवार को 394 वोट जीतने की जरूरत होगी, बशर्ते कि सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास 293 सदस्य हैं, वहीं राज्यसभा में भी उसे 129 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है, जिसमें मनोनीत सदस्य भी शामिल हैं। इस तरह सत्तारूढ़ गठबंधन को 786 सदस्यों में से 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है, जो उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए जरूर 394 वोट से बहुत अधिक है।

## चलते चलते एक नजर

### चेन स्नेचिंग में शामिल अपराधियों की सूचना देने पर मिलेगा 25 हजार रुपये का इनाम



**पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में घटित चेन स्नेचिंग की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पलामू पुलिस द्वारा अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए ठोस पहल की गई है। इसी क्रम में छह मोटरसाइकिल सवार अपराधियों की तस्वीरें लगी एक वांटेड का पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें अज्ञात बाइक सवार अपराधियों की सूचना देने वाले को 25 हजार रुपये की नगद इनाम राशि देने की घोषणा की गई है।जिले की एसपी रिष्मा रमेशन ने बुधवार को पोस्टर जारी कर स्पष्ट किया कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। यह इनाम सटीक और उपयोगी सूचना देने वाले को ही दिया जाएगा, जिससे अपराधियों की गिरफ्तारी में मदद मिल सके।एसपी ने आम जनता से अपील की है कि वे सतर्क रहें और अपराध नियंत्रण में सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तुरंत शहर थाना, मेदिनीनगर को दें। इसके लिए सदर एसडीपीओ का मोबाइल नम्बर 94317 06240, शहर थाना प्रभारी का मोबाइल नम्बर 94317 06249 और 8271762101 और नियंत्रण कक्ष का मोबाइल नम्बर 7070452955 के साथ साथ टोल फ्री नम्बर 112 पर दे।

### बिहार की जनता बदलाव चाहती है : प्रशांत किशोर

**पटना :** बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देजनर तमाम राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी रणनीति बनाने और जनता को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं।इसी कड़ी में बुधवार को जन सुराज पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक ज्ञापन देने विधानसभा पहुंचे, लेकिन उन्हें पुलिस द्वारा पहले ही रोक लिया गया। पुलिस ने जन सुराज के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्च भी किया, जिसमें एक कार्यकर्ता घायल हो गया। इस घटना के बाद जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।राजधानी पटना में बुधवार को जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि हम लोगों को मुख्यमंत्री से नहीं मिलने दिया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में अभी तीन महीना बाकी है, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार क जीना हराम कर देंगे। इन्हें पता नहीं है कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है। इससे पहले अपने समर्थकों के साथ विधानसभा का घेराव करने जा रहे प्रशांत किशोर के साथ जन सुराज समर्थक बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने लगे, तो पुलिस ने रोकने के लिए लाठियां चलाई। इस दौरान एक समर्थक जख्मी भी हो गया।पुलिस की कार्रवाई के बाद प्रशांत किशोर ने कहा कि हम लोग शांतिपूर्वक तरीके से जाकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते हैं।

## न्यू आउटरीच प्लान पर योगी सरकार का फोकस

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 35 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद योगी सरकार ने एक बार फिर नए निवेश प्रस्तावों के लिए कमर कस ली है। उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने को लेकर योगी सरकार ने अब न्यू आउटरीच प्लान पर फोकस किया है।इसको अमल में लाने के लिए प्रदेश में निवेश की नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर रोडशो की व्यापक रणनीति बनाई है। इसके तहत, चीन+1 रणनीति के तहत आयोजित होने वाले रोडशो के अतिरिक्त सितम्बर-अक्टूबर 2025 में सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, यूएई, कतर और कनाडा में भी अंतरराष्ट्रीय रोडशो का आयोजन किया जाएगा। इन रोडशो का मुख्य उद्देश्य आगामी फरवरी 2026 में होने वाले यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) के लिए नए निवेश प्रस्तावों को आकर्षित करना है। इसके लिए दिसम्बर 2025 से जनवरी 2026 की शुरुआत तक देश के अलग-अलग शहरों में भी राष्ट्रीय स्तर पर रोडशो किए जाएंगे, ताकि घरेलू निवेशकों को भी जोड़कर समिट को नई ऊंचाई दी जा सके। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि नए निवेशकों के आउटरीच प्रोग्राम से पहले योगी सरकार नवम्बर में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करने जा रही है। इसमें 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार का मानना है कि जैसे-जैसे जीबीसी-5 का समय नजदीक आएगा, यह आंकड़ा 10 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है।

# सार्वजनिक स्थलों एवं नदी नालों का उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता


**गढ़वा :** शहरी प्रबंधन एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ अतिक्रमण, यातायात जाम की समस्या, कचरा प्रबंधन, शहरी क्षेत्रों में व्याप्त अन्य अव्यवस्थाओं आदि से निबटने एवं शहरों का सौंदरीकरण करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों, चौक चौराहों, मुख्य सड़क एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, नदी नालों आदि का स्थल निरीक्षण किया तथा आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया गया। उपायुक्त श्री यादव द्वारा सम्पूर्ण सरसतिया नदी का स्थल निरीक्षण किया गया। साथ ही तिलैया नदी, कर्बलाह स्थित तेतरियाटांड़ मैदान एवं मुख्य बाजार स्थित खादी बाजार के मैदान का भी स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शहर से गुजरे सरसतिया नदी के अधिकांश भागों में आमजनों के द्वारा अतिक्रमण करके घर एवं प्रतिष्ठान आदि बना दिए गए हैं। तेतरियाटांड़ मैदान एवं खादी बाजार के मैदान में भी इसी प्रकार का नजारा देखने को मिला। उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं शहर के नदी नालों का अतिक्रमण किये जाने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हो रही थी। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां नदी नालों को स्वच्छ बनाने एवं अतिक्रमण मुक्त करने का कार्य जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ आमजनों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं नदी नालों का ही अतिक्रमण कर दिया जा रहा है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने ऐसे संपूर्ण स्थलों पर अतिक्रमण मुक्ति अभियान चलाने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी भूमि है वह लोगों की सुविधा के लिए सार्वजनिक उपयोग हेतु होते हैं। उन्होंने आमजनों से ऐसे स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा अतिक्रमण जैसे मुद्दे आने पर प्रशासन को सूचित करने की अपील की है।

### मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सहायक नगर आयुक्त से की मुलाकात

# निगम क्षेत्र के सभी नालियों की शीघ्र सफाई कराई जाए : अरुणा शंकर

**अरुणा शंकर ने लता मंगेशकर चौक पर लगे ठेलों को व्यवस्थित करने व अवारा कुत्तों पर लगाम लगाने की मांग की**

**पूरे नगर निगम क्षेत्र में अरुणा शंकर ने ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव पर दिया जोर**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगरः** मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सहायक नगर आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने वर्तमान में शहरवासियों को हो रही समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। अरुणा शंकर ने सहायक नगर आयुक्त को बताया कि हमारे कार्यकाल में प्रत्येक वर्ष गर्मी खत्म होते ही नगर निगम द्वारा बड़े नालों की सफाई एक योजना के तहत शुरू कर दी जाती थी। जिससे बरसात के समय शहर को जलजमाव जैसी समस्याओं से राहत मिलती थी। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि इस बार निगम प्रशासन के कार्यकाल में ऐसी कोई सफाई अभियान नहीं दिखा। जिसके कारण हाल की भारी बारिश में कई इलाकों में मकान निर्माण या जमीन घेराव के दौरान नाला नहीं छोड़े जाने की वजह से भीषण जलजमाव हुआ। निगम द्वारा पूर्व में निर्मित नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया।अरुणा शंकर ने कहा कि चूंकि अभी भी आगामी एक माह तक भारी बारिश की संभावना है। इसलिए चैनपुर, शाहपुर, पहाड़ी मोहल्ला क्षेत्र (जहां से पूरे शहर का ड्रेनेज निकलता है), शांतिपुरी, बीच बाजार एरिया, रेड़मा, और बाईपास रोड़ की सभी गलियों और नालियों की शीघ्र सफाई कराई जाए। अरुणा शंकर ने सहायक नगर आयुक्त को आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नंदलाल इंस्टिट्यूट के गली में चार बच्चों को आवारा कुत्तों ने काट दिया। जो अत्यंत चिंताजनक है। जल्द से जल्द आवारा कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई की मांग की। इसके अतिरिक्त, लता मंगेशकर चौक पर लगे ठेलों को व्यवस्थित करते हुए उन्हें चर्च रोड साइड में लगाने का भी अनुरोध किया, ताकि आमजन को असुविधा न हो। अरुणा शंकर ने बताया कि सहायक नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि उपरोक्त सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नगर निगम क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव से कीड़े मकोड़े की समस्या खत्म होगी। इस बरसात के मौसम में छोटे-छोटे कीड़े मकोड़े से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा यही प्रयास रहा है कि जनता की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखकर समाधान कराया जाए।

### श्री कृष्ण कथा का आयोजन 27 से

**रांची :** प्रणामी ट्रस्ट की ओर से श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में 27 से 31 जुलाई तक मंदिर परिसर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण बीतक कथा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में बुधवार को ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस आयोजन में कथा वाचक के रूप में साध्वी मीणा महाराज और साध्वी पूर्णा महाराज आएंगी। दोनों साध्वी अपने गहन आध्यात्मिक अनुभव से श्रीकृष्ण लीला, रासोत्सव, भक्ति योग और जीवन दर्शन की व्याख्या करेंगी। श्रीकृष्ण बीतक कथा, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आत्मा के शुद्धिकरण, मन की शांति और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला एक महायज्ञ है। इस कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल, युवावस्था, गीता ज्ञान, रासलीला और उनके अद्भुत चरित्र की व्याख्या की जाएगी।

# लांच हुआ स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में निर्मित दूसरा स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रचेत बुधवार को लांच कर दिया गया। पहला प्रदूषण नियंत्रण पोत पिछले साल 29 अगस्त को लांच किया गया था, जिसकी अब जल्द ही आपूर्ति होने वाली है। आज लांच किया गया पोत जीएसएल में निर्मित दो प्रदूषण नियंत्रण पोत श्रेणियों में से अंतिम पोत है। दूसरे पोत की लांचिंग भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि की मौजूदगी में उनकी पत्नी प्रिया परमेश के हाथों हुई।इन प्रदूषण नियंत्रण पोतों का डिजाइन और निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। अपने संबोधन में महानिदेशक शिवमणि ने समुद्री क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल के लिए प्रदूषण प्रतिक्रिया पोतों के महत्व और जीएसएल एवं आईसीजी के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला। उन्होंने तटरक्षक बल की प्रमुख जहाज निर्माण आवश्यकताओं को स्वदेशी रूप से पूरा करने के लिए जीएसएल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समुद्र प्रचेत का शुभारंभ हमारे देश की जहाज निर्माण क्षमता का एक अनुकरणीय प्रमाण है।

उन्होंने सभी बाधाओं को पार करते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने पर जीएसएल के कर्मचारियों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना सही दिशा में होना चाहिए। दूसरे प्रदूषण नियंत्रण पोत की लांचिंग के साथ जीएसएल और भारतीय तटरक्षक बल आत्मनिर्भरता के पथ पर निरंतर आगे बढ़कर आत्मनिर्भर भारत को साकार कर रहा है। समारोह में जीएसएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार उपाध्याय रक्षा मंत्रालय, तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी और जीएसएल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पद्मश्री सह नाट्य रंगकर्मी रतन थियम नहीं रहे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भारत के सांस्कृतिक और रंगमंचीय इतिहास में एक युग का अंत हो गया है। मणिपुर के थिएटर निर्देशक, लेखक, कवि और नाटककार पद्मश्री एन एस डी के पूर्व अध्यक्ष सह निदेशक रतन थियम का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। लंबे समय से बीमार चल रहे थियम ने इंफाल के रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अंतिम सांस ली। निधन के सूचना पर रंगमंच से जुड़े कलाकारों के बीच शोक की लहर दौड़ गई । झारखंड के रंगमंच और एन एस डी के पूर्व छात्रों ने भी दुख व्यक्त किया अजय मलकानी, नंदलाला नायक, प्रदुम्न नायक, संजय लाल, दीपक लोहार आदि। वहीं प्रो. रमेश चंद्र गौड़ पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय डीन (प्रशासन), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने प्रभात मंत्र रांची जिला ब्यूरो परवेज़ कुरैशी से दुख व्यक्त किया और बताया कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में मेरे कार्यकाल के दौरान, रतन थियम जी से अनेक अवसरों पर प्रत्यक्ष संवाद तो नहीं हो पाया, लेकिन विद्यार्थियों के एक प्रस्तुति कार्यक्रम के दौरान उनसे मिलने और संक्षिप्त बातचीत का सौभाग्य अवश्य मिला।उनकी गरिमामयी उपस्थिति, सादगी और गहरी दृष्टि ने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला। रतन थियम जी भारतीय रंगमंच की एक जीवंत परंपरा थे, जिनके नाटकों में दृश्यात्मक प्रभाव, संगीत, प्रकाश, मंच सज्जा और शरीर की नृत्यमूलक भाषा अद्भुत समन्वय में होती थी।उनके नाटकों में संवाद से अधिक शरीर की गतियां, प्रतीकों का प्रयोग, रंगों का संयोजन और पारंपरिक तथा आधुनिक का सुंदर समावेश दिखाई देता था।वे मानते थे कि नाटक केवल वाणी नहीं, एक सम्पूर्ण अनुभव है। वे एक बहुआयामी एवं अत्यंत सम्मानित रंगकर्मी थे, जिन्होंने भारतीय रंगमंच को वैश्विक पहचान दिलाई।उनकी रचनात्मकता, नवाचार और सांस्कृतिक दृष्टि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।उनके साथ बिताया हर क्षण आज स्मृतियों में अमिट है।

### हिमाचल में बनीं 49 दवाएं गुणवत्ता में फेल

**शिमला :** संसद के मानसून सत्र के दौरान बुधवार को राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने हिमाचल प्रदेश में दवाओं की घटती गुणवत्ता और बायोमास ऊर्जा परियोजनाओं को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किए।इसके जवाब में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सदन को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की वेबसाइट पर मई 2025 में जारी औषधि अलर्ट में कुल 186 औषधि नमूनों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाया गया और इनमें से 49 दवाएं हिमाचल प्रदेश में निर्मित थीं। उन्होंने आगे बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान सीडीएससीओ ने हिमाचल स्थित दवा कंपनियों के 2275 दवाओं के नमूनों की जांच की है। इनमें विटामिन, ज्वरनाशक, एंटीबायोटिक, एंटीहेल्मिन्थिक्स जैसी दवाएं शामिल थीं। मंत्री ने कहा कि देशभर में दवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए कड़े नियामक कदम उठाए गए हैं, जिनका पूरा ब्यौरा संसद में प्रस्तुत किया गया है।

# सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का औचक निरीक्षण करने का डीसी ने दिया निर्देश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की।इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकरी ली।इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही।उन्होंने कहा कि बगैर रजिस्ट्रेशन के कोई भी अल्ट्रासाउंड करता पाया जाता है तो उस अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करते हुए संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त के समक्ष रूद्र इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, दिव्या अल्ट्रासाउंड और बंशीधर अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीयन के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन को प्रस्तुत किया गया और बताया गया कि टीम द्वारा सभी आवश्यक जांच पूर्ण कर लिया गया है।इसपर उपायुक्त द्वारा नवीनीकरण की स्वीकृति प्रदान की गयी।इसी तरह पूर्व से संचालित तृप्ति अल्ट्रासाउंड, प्रकाश चंद्र जैन सेवासदन अल्ट्रासाउंड एवं राज डायग्नोस्टिक सेंटर छतरपुर द्वारा पुराने अल्ट्रासाउंड मशीन परिवर्तित कर नये मशीन का इंस्टालेशन रिपोर्ट पर चर्चा किया गया।इसपर उपायुक्त ने सभी पुराने मशीनों को सील करने के पश्चात ही नये मशीन का लाइसेंस निर्गत करने पर बल दिया।इसी तरह लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक अदद नये अल्ट्रासाउंड मशीन के अधिष्ठापन एवं राजमती चिकित्सा केंद्र, घाड़ापट्टी के नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदन को भी स्वीकृति प्रदान की गयी।बैठक में एक डॉक्टर द्वारा दो से अधिक अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्यरत रहने की भी चर्चा की गयी,उपायुक्त द्वारा ऐसों डॉक्टरों के विरुद्ध शोकॉज करने के निर्देश दिये।